हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 1 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री



## पुलिस रिकार्ड में दर्ज जिले के गुंडे-बदमाश

| थाना | गुंडा | हाजिर | फरार | जेल |
|---|---|---|---|---|
| दुर्ग | 62 | 59 | - | 03 |
| पदमनाभपुर | 10 | 07 | - | 03 |
| धमधा | 10 | 10 | - | - |
| बोरी | 04 | 04 | - | - |
| पुलगांव | 21 | 21 | - | - |
| अंड़ा | 07 | 07 | - | - |
| कुम्हारी | 21 | 16 | 02 | 03 |
| पुरानी भिलाई | 21 | 12 | 04 | 05 |
| अमलेश्वर | 05 | 05 | - | - |
| रानीतराई | 04 | 04 | - | - |
| उतई | 19 | 17 | 02 | - |
| पाटन | 8 | 07 | 01 | - |
| नंदिनी | 26 | 25 | 01 | - |
| जामुल | 22 | 19 | 02 | 01 |
| मोहन नगर | 38 | 34 | 02 | 02 |
| खुर्सीपार | 32 | 28 | 03 | 01 |
| सुपेला | 55 | 43 | 10 | 02 |
| छावनी | 57 | 46 | 01 | 10 |
| भिलाई भट्ठी | 06 | 03 | 02 | 01 |
| नेवई | 28 | 22 | 04 | 02 |
| भिलाई नगर | 39 | 31 | 04 | 04 |
| वैशाली नगर | 31 | 25 | 05 | 01 |
| जामगांव आर | 01 | 01 | - | - |

# 607 गुंडों पर नकेल कसने पुलिस कप्तान ने मंगाई फाइल

जेएम तांडी ⏭भिलाई

### हिस्ट्रीशीटरों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

जिले में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए हिस्ट्रीशीटरों पर नकेल कसने की तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है। इसके तहत अब जिले के सभी थानों में गुंडे-बदमाशों के पोस्टर लगा दिए गए हैं। पुलिस का मानना है कि बदमाशों के पोस्टर थानों में लगने के बाद उनमें खौफ बढ़ा है। जिले के थानों में अभी तक 527 बदमाशों में से 446 हाजिर,43 फरारौर 38 जेल में है। जिले में लगातार बढ़ रहे अपराधों को कंट्रोल करने और अपराधियों को सबक सिखाने के लिए दुर्ग पुलिस ने अभियान चलाकर नकेल कसना शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर इससे अपराधियों में इतना खौफ है कि वह अपना फोटो थाने से हटवाने के लिए जुगाड़ करने में जुट गए हैं। उधर पुलिस कप्तान ने जिले के थाना प्रभारियों को हिदायत दी है कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वह जुट जाएं। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा है कि अपराधियों की जगह अब जेल में है। इसी तर्ज पर शहर व ग्रामीण थाना क्षेत्रों में अपराधियों का पोस्टर थानो के मुख्य द्वार पर टांग दिए गए है। अपराधियों का पोस्टर टंगे होने के बाद बदमाशों में पुलिस का खौफ बढ़ गया है। अभियान के तहत शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले अपराधियों को नकेल कसने के लिए ही जिले में अभियान जारी है। नए पुलिस कप्तान ने ऐसे गुंडे बदमाशों की जानकारी मंगाई है। पुरानी सूची में 80 नए नाम जुड़ गए हैं।

### शहर के चौराहों पर लगेंगे बदमाशों के पोस्टर

पुलिस अफसरों का कहना है कि बदमाशौर गुंडों के पोस्टर पहले फेस में थानों में लगाए गए हैं। लेकिन अब दूसरे फेस में यह पोस्टर जल्द ही शहर के चौक-चौराहों पर लगाए जाएंगे। पुलिस अफसरों की माने तो शहर के चौराहों पर बदमाशों के होर्डिंग लगाए जाने का काम जल्द किया जाएगा। पोस्टर होर्डिंग लगाए जाने से कई बदमाशों में खौफ है, तो वहीं बदमाश आसानी से फरार भी नहीं हो सकेंगे।

### गुंडे-बदमाशों को किया जाएगा जिला बदर



जिले के सभी थाना क्षेत्रों से गुंडे-बदमाशों की सूची मंगाई गई है। ऐसे सारे संदिग्धों के पोस्टर थाने में लगाए गए हैं। उन्हें न्यायलयीन प्रक्रिया के आधार पर जिला बदर करने की कार्रवाई की जाएगी। - **विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

## खबर संक्षेप



### मोबाइल दुकान संचालक से ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक से ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आकाशगंगा सुपेला के मोबाइल शॉप संचालक अरविंद कुमार मिश्रा के यहां एक युवक रिपेयरिंग व नेक बैंड खरीदने पहुंचा था। झांसा देकर संचालक से ठगी कर फरार हो गया था। जिसका नाम अशोका बिरयानी नेहरु नगर का कर्मी नीतिन सोनी है। मोबाइल दुकान संचालक को नीतिन ने झांसा देते हुए 20 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिया था। आरोपी ने इसी तरह कई लोगों के साथ ठगी करने की बात सामने आई है। शिकायत के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। सूचना मिलने पर नीतिन सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है।

### फरार स्थायी वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

**भिलाई।** फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 46 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि फरार स्थायी वारंटी की तामीली के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। फरार वारंटियों की पतासाजी कर धरपकड़ जारी है। एक सप्ताह में थाना दुर्ग से 6, मोहन नगर 8, भिलाई नगर 3, छावनी 2, जामुल 2, खुर्सीपार 3, पाटन 4, रानीतराई 6, अण्डा 3, चौकी लिटिया सेमरिया 2, वैशाली नगर, पुरानी भिलाई, जामगांव, बोरी, चौकी जेवरा सिरसा, स्मृतिनगर, मचान्दूर से 1-1 पकडे गए। कुल 46 फरार स्थायी वारंटियों पर कार्रवाई की गई है।

### गांजा बेच रही महिला गिरफ्तार

(फोटो भिलाई 30-15)

भिलाई। अवैध रुप में गांजा बेच रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ पुलिस ने धारा एनडीपीएस के तहत कार्रवाई किया है। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि बड़े पारा, ग्राम लोहरसी पाटन निवासी देवन्तीन मेहर नामक महिला द्वारा मकान में अवैध रूप से गांजा बेच रही थी। सूचना पर संकल्प एक युद्ध नशे के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने महिला के मकान की घेराबंदी कर दबिश दिया गया। जहां से देवन्तीन मेहर को गिरफ्तार कर उसके पास से 565 ग्राम गांजा जब्त की गई। जिसकी कीमत 6 हजार रुपए आंकी गई है। महिला के पास से 1660 रुपए जब्त किया गया है।

## बिजली कंपनी ने जीनस कंपनी को दिया काम, जून 2026 तक लगाए जाने का टार्गेट


# स्मार्ट मीटर ने पकड़ी रफ्तार, 2.50 लाख लग चुके, 8.23 लाख और लगेंगे, फिलहाल पोस्ट पेड की तरह करेगा काम

अतुल अग्रवाल ⏭भिलाई

**केंद्र सरकार के रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत दुर्ग जिले में स्मार्ट प्री पेड मीटर लगाने का काम पिछले करीब छह महीने से चल रहा है। इन नए मीटरों की वजह से बिजली उपभोक्ताओं की परेशानी सामने आने लगी है। वे लगातार शिकायत लेकर बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण करने के बजाए उन्हें बैरंग लौटाया जा रहा है। जबकि शासन की गाइडलाइन में यह स्पष्ट किया गया है कि यदि उपभोक्ता को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है, तो उसका निराकरण किया जाए। साथ ही आपत्तियों से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाा रहा। इस योजना के तहत कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर सभी उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाए जाने हैं।**

दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले में अब तक 2.50 लाख मीटर लग चुके हैं, करीब 8.23 लाख मीटर और लगाए जाने हैं। जीनस नामक कंपनी को मीटर लगाने का काम दिया गया है। वर्तमान में सबसे बड़ी परेशानी रिचार्ज को लेकर सामने आ रही है। लोग संशय में हैं। कई उपभोक्ता ऐसे हैं, जिनके पास एंड्राइड फोन नहीं है, इसके अलावा रात के समय ज्यादा बिजली की खपत होने की स्थिति में सीधे बिजली कट होने का डर सता रहा है। शासन से मिलने वाली सब्सिडी को लेकर भी स्पष्ट गाइडलाइन नहीं होने से उपभोक्ता संशय में हैं। वर्तमान में दुर्ग जिले के लगभग सभी हिस्सों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का काम किया जा रहा है।



### रिचार्ज खत्म होते ही कट सकती है बिजली इससे लोग भयभीत, जबकि ऐसा नहीं...

उपभोक्ताओं की मानें तो स्मार्ट मीटर के लिए एडवांस में रिचार्ज कराना होगा। इस मीटर के सक्रिय हो जाने के बाद उपभोक्ता रिचार्ज खत्म होते ही बिजली अपने आप कट सकती है। रिचार्ज खत्म होने से स्मार्ट मीटर काम करना बंद कर देगा। इसके बाद आपके घर की बिजली कट जाएगी। इससे लोग ज्यादा भयभीत हैं। इस भीषण गर्मी के समय रात में जब बिजली की खपत ज्यादा होता है, रिचार्ज नहीं होने की स्थिति बिजली कटने का डर सताने लगा है। बहुत से लोग आज भी की-पेड इस्तेमाल करते हैं, इस वजह से उन्हें रिचार्ज को लेकर खासी दिक्कतें उठानी पड़ सकती है। बता दें कि मीटर लगाने का काम अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग कंपनियां कर रही हैं। दुर्ग में जीनस नामक कंपनी स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है।

### स्मार्ट मीटर को फायदेमंद बताकर किया जा रहा लॉन्च

बिजली कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर को फायदेमंद बताकर इसे लॉन्च कर रही है। जानकारी के मुताबिक बिजली की मैनुअल रीडिंग की जरूरत नहीं होगी, अधिकारी स्टेशन से ही बिजली खपत की निगरानी कर सकेंगे। उपभोक्ताओं को रिचार्ज खत्म होने से पहले अलर्ट मैसेज मिलेगा, जिससे वे समय पर रिचार्ज कर सकें। दुर्ग के अलावा पूरे प्रदेश में इसे लागू किया जा रहा है। अब तक रायपुर में 2.59 लाख, बिलासपुर में 1.09 लाख, धमतरी में 98 हजार, बलौदाबाजार में 78 हजार, महासमुंद में 82 हजार, राजनांदगांव में 67 हजार, जांजगीर चांपा में 29 हजार और कोरबा में 42 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। दुर्ग में भी करीब 2.50 लाख मीटर लग चुके हैं। इस प्रकार छत्तीसगढ़ में 11 लाख से ज्यादा प्री पेड मीटर लगाए जा चुके हैं।

### मीटर में लगेगा मॉडम, सर्वर से होगी मॉनिटरिंग

प्रीपेड मीटर में छोटा मॉडम लगा रहेगा। इसे सर्वर के साथ उपभोक्ताओं के मोबाइल से कनेक्ट किया जाएगा। उपभोक्ताओं को हर समय जानकारी उपलब्ध रहेगी कि उनके पास कितना बैलेंस बचा है और वे कितनी यूनिट बिजली का उपयोग कर सकते हैं। रिचार्ज खत्म होने से पहले ही उपभोक्ताओं के फोन पर बैलेंस रिचार्ज का मैसेज आ जाएगा। इसके आधार पर वह अपने स्मार्ट मीटर को रिचार्ज कर सकेंगे। मीटर लगने के 2 महीने तक पोस्ट-पेड मोड पर चलेगा। प्री-पेड होने पर एक महीने का बैलेंस दिया जाएगा, जो जमा सुरक्षा निधि से काटा जाएगा। रिचार्ज खत्म होने से पहले लिए तीन मैसेज आएंगे। पहला एवरेज 7 दिन की खपत के बराबर बैलेंस होने पर आएगा। दूसरा 3 दिन और तीसरा मैसेज 1 दिन की खपत के बराबर बैलेंस बचे होने का आएगा। क्रेडिट लिमिट शुरू होने और कनेक्शन कट होने का वॉर्निंग मैसेज भी भेजा जाएगा। बैलेंस खत्म होने के बाद भी 300 रुपए तक का क्रेडिट उपभोक्ता को दिया जाएगा। बिजली केवल दिन में ही बंद की जाएगी। इसके लिए सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। छुट्टी के दिन बिजली बंद नहीं होगी।

### तीन जिलों में अब तक 2.50 लाख स्मार्ट मीटर लग चुके

बिजली कंपनी द्वारा दुर्ग के अलावा बेमेतरा, बालोद जिले में भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक अब तक 2.39 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। दुर्ग जिले में भिलाई पश्चिम शहर 23988, पूर्व डिवीजन 18418, दुर्ग शहर 24142, बालोद 24383, दुर्ग ग्रामीण 34005, बेमेतरा 26368, साजा 20782, अहिवारा 30745, पाटन में 36491 कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा किया जा चुका है।

### फिलहाल पोस्ट पेड की तरह काम करेगा स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर को लेकर कहीं कोई परेशानी नहीं है। फिलहाल यह पोस्ट पेड की तरह काम करेगा। भविष्य में इसे प्री-पेड करने की योजना है। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा में मिलाकर कुल 10.73 लाख मीटर नए लगने है। अब तक 2.50 लाख मीटर लग चुके हैं। प्री पेड की सुविधा आगामी दिनों में मिलेगी। रहेगी बात सब्सिडी तो शासन से सब्सिडी तय होगी, वह इन मीटरों के माध्यम से मिलेगी। लोगों को किसी भी प्रकार से भयभीत होने की जरुरत नहीं है, इससे उन्हें फायदा ही होगा।

**-संजय खंडेलवाल,**
मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण कंपनी दुर्ग

### मछली वालों के साथ दबंगई, दो गिरफ्तार



**अंडा।** मछली व्यवसायियों से दबंगई दिखाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ धार 296,351 (2), 119(1),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। अंडा पुलिस ने बताया कि लक्ष्मण धीवर मछली खरीदी बिक्री करने का काम करता है। रोजाना देशी शराब भट्ठी के पास मछली बेचता है। उसके बगल में राज कुमार धीवर, राकेश धीवर, राजेश्वर धीवर, कृपा राम भी मछली बेचने पसरा दुकान लगाते हैं। 29 अप्रैल की शाम दो युवक पसरा के पास पहुंचे और शराब पीने के लिये रुपए का डिमांड करने लगे। धौंस दिखाने के लिए युवकों ने पीड़ित के द्वारा नाम पता पूछने पर ग्राम उतई विराट नगर इंदिरा आवास निवासी युवराज उर्फ राज कुमार बांधे, स्टेशन मरोदा नेवई मोहन सेठी उर्फ मोगन बताया। जबरन पीड़ित के साथ गाली गलौज कर मछली व्यापारियों को जान से मारने की धमकी देने लगे। शिकायत के बाद पुलिस ने युवकों की तलाश में जुट गई। युवराज उर्फ मोनू उर्फ राज कुमार बांधे, मोहन सेठी उर्फ मोगनको पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। युवकों को अंडा पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय दुर्ग भेजा।

# हत्या का बदला लेने गैंगवार, बदमाश पर प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- सुपेला क्षेत्र की घटना, दो युवक पुलिस गिरफ्त में, सीसी कैमरे से हुई पहचान

साल भर पहले हुए धीरज महानंद उर्फ टकला का हत्या सुपेला क्षेत्र में हुआ था। जिसका बदला लेने के लिए सुपेला में गैंगवार शुरु हो गया है। मामले में पुलिस ने हमला करने वाले दो युवको पकड़ भी लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्मी नगर मार्केट सुपेला निवासी राहुल सिंह का नामक बदमाश युवक पर बुधवार को चाकू से हमला कर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पुलिस पहुंची घटनास्थल पर राहुल खून से सना गंभीर हालत में पड़ा मिला। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम उसे अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।



राहुल टकला हत्याकांड में जेल में था जो छूटकर हाल ही में आया। पुलिस ने आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगालने के बाद ही आरोपी बिल्ली राज, रोहित नामक युवक को पकड़ लिया है। कैमरे से ही युवकों का शिनाख्त पुलिस ने किया। बदमाश राहुल सिंह पर जिस जगह पर हमला हुआ है। उसी जगह पर साल भर पहले टकला का हत्या की गई थी। पुलिस संदेह जता रही है कि रंजिश का बदला लेने के लिए राहुल पर हमला किया गया है। इसे लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है।

जांच में ही असली कारण सामने आ पाएगा। सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच में पुलिस जुटी हुई है। हमला का असली कारण पूछताछ के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। राहुल हाल ही में जेल से छुटकर आया है।दहशत में है लोगबताया गया है कि राहुल सिंह के साथ हुए घटना के बाद से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बन गया है। सुपेला जैसे व्यस्त बाजार क्षेत्र में खुलेआम हुए इस वारदात को लेकर पुलिस सुरक्षा की पोल खोलकर रख दिया है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था बेहतर की भी मांग की जा रही है।तालाब के आसापस भी नशेड़ी किस्म के युवकों का आना जाना लगा रहता है। इस कारण भी कई वारदात यहां हो चुका है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

# पुरानी भिलाई थाना अम्बर और खुर्सीपार पनिकर संभालेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई


जिले के चार थाना प्रभारी और दो उप निरीक्षकों का तबादला एसएसपी ने किया है। पुलिस लाइन के दो निरीक्षकों को थाने की कमान मिली है। वहीं एक को पुलिस लाइन भेजा गया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज को थाना पुरानी भिलाई तीन, लाइन अटैच रही निरीक्षक मोनिका पाण्डेय को छावनी, चेतन चंद्राकर को पुलिस लाइन, लाइन में रहे निरीक्षक प्रमोद रूसिया को सायबर सेल, जिला विशेष शाखा में पदस्थ टीआई वंदिता पनिकर को थाना खुर्सीपार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उप निरीक्षक महेश लाल देवांगन को पद्मनाभपुर थाने से जिला विशेष शाखा का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक अंबर सिंह पूर्व में भी कुछ दिनों के लिए भिलाई तीन थाना प्रभारी के रुप में जिम्मेदारी संभाल चुके है। इसके अलावा निरीक्षक वंदिता पनिकर भी खुर्सीपार, निरीक्षक मोनिका पाण्डेय छावनी में पहले भी सेवा दे चुकी है। इस तरह तीन निरीक्षकों को उनके पुराने थानों में तबादला किया गया है।

## पद्मनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना, परिवार के लोग गए थे कांकेर

# सूने मकान में पहले शराब पी, फिर लाखों के जेवरात ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सूने मकान में घुसकर चोरों ने पहले आराम से शराब पी, इसके बाद नगद समेत सोना-चांदी के जेवरात ले उड़े। मामला पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत प्रदीप्ति नगर बोरसी का है। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि प्रदीप्ति नगर निवासी काजल सिन्हा अपने परिवार के साथ मकान में ताला लगाकर कांकेर गई हुई थी। घरेलू नौकरानी ने फोन कर उन्हें मकान में चोरी की जानकारी दी।



तुरंत परिवार के सदस्य घर लौटे, पता चला कि दरवाजे का ताला टूटा था। भीतर सामान बिखरा हुआ था। दोनों आलामारियां भी टूटी पड़ी थी, जिसमें सोना-चांदी के जेवरात और नगद 30 हजार रुपए रखे हुए थे। चोरी हुए सामानों की कीमत करीब 25 लाख रुपए आंकी गई है। लेकिन पद्मनाभपुर पुलिस चोरी कीमत कम बता रही है। परिजनों के मुताबिक चोर ने चोरी करने के पहले घर में ही शराब पी। इसके बाद बड़े ही इतमिनान से घटना को अंजाम दिया। घर से महंगी शराब की बोतलें भी गायब थी। इस चोरी की वारदात से पद्मनाभपुर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पोल खोलकर रख दी है। यहां के लोगों ने पुलिस सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर रहें है। प्रिया सिन्हा के मुताबिक वे बीएसपी से सेवानिवृत्त होने के बाद घर बनाए थे। परिवार में पांच सदस्य यहां निवास करते है एक बेटी बैंक में मैनेजर के पद पर पदस्थ है।

### सीसी कैमरों को खंगाल रही पुलिस, संदिग्ध नजर आए

पद्मनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र में हुए मकान में चोरी के मामलों में पुलिस को कोई खास सुराग हाथ नहीं लग पाया है। पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को खंगाल रही है। फिलहाल कोई भी सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग पाया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पदमनाभपुर पुलिस कालोनियों में लगातार पेट्रोलिंग नहीं करने से इस तरह की घटनाएं हो रही है। सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह फेल हो गई है।

### जल्द गिरफ्त में होंगे आरोपी

“ घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। उम्मीद है कि आरोपी जल्द गिरफ्त में होगा।

**- पदमश्री तंवर**
पुलिस प्रवक्ता

### डेम में डूबने से बालक की मौत



**भिलाई।** डेम में डूबने से बालक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि अर्जुन नगर, वार्ड नंबर 24 कैंप 1 निवासी अरविंद कोसले 17 वर्ष के डेम में डूबने की सूचना पुलिस को मिली थी। तुरंत एसडीआरएफ की टीम को दी गई।मौके पर बुधवार की शाम को टीम ने खोजबीन कर मशक्कत के बाद शव को डेम के बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद उनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस दौरान जिला सेनानी नागेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर टीम पहुंची थी। डीप डाइविंग जवान राजकुमार यादव, नरोत्तम चंदेल ने युवक के शव को डेम से बाहर निकाला। अरविंद डेम कैसे किसके साथ गया था। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। शव को बाहर निकालने टीम में ईश्वर खरे,राजू महानंद, भूपेंद्र सिंह, थानेश्वर, महेश गंधर्व, दिलीप कुमार, रमेश कुमार, विनय यादव का अहम योगदान रहा है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## विशेष सूचना

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय बंद किया जा रहा है, दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं अब भिलाई कार्यालय से संचालित होगी। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com

खबर संक्षेप



## स्टेशन रोड हुआ रौशन

दुर्ग। 15 वें वित्त आयोग निधि से स्वीकृति इंदिरा मार्केट से लेकर श्री शिवम शॉपिंग मॉल तक ट्यूबलर नए पोल में लगी लाइट का मेयर अलका बाघमार ने 39 पोल में 86 लाइट व 110 वाट की एलईडी को बटन दबाकर चालू किया। 39 लाख से इंदिरा मार्केट से श्री शिवम माल तक सडक़ मार्ग रौशन हुआ। अब यातायात में आमजनों को परेशानी नहीं होगी। मेयर अलका बाघमार ने कहा कि शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थान भी जगमगाने लगा है। मेयर ने कहा कि वार्डो में बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइट को लगातार बदलवाने का कार्य जारी है। शेष बचे हुए स्ट्रीट लाइट व सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की बात अधिकारियों से कही। कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, लीलाधर पाल मौजूद रहे। बात दें कि वार्ड 30 श्याम शर्मा से वार्ड 27 पार्षद ममता सेन, वार्ड 29 बबिता गुड्डु यादव, वार्ड 8 खालिक रिजवी, वार्ड 26 आरएन वर्मा, वार्ड क्रमांक 28 मनीष बघेल इन 6 वार्डों से होकर गुजरने वाली इंदिरा मार्किट से श्री शिवम तक सडक़ मार्ग रौशनी से जगमगाया।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर 2 से

दुर्ग। प्रदेश में 01 अप्रैल 2019 के



पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनता, कार्यालीयीन अधिकारी-कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी रोसमेरटा सेफ्टी सिस्टम लिमि के कर्मचारी द्वारा की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 तथा 5 मई तक कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में, 6 व 7 मई को जिला न्यायालय परिसर में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई को जिला पंचायत परिसर, 10 तथा 11 मई को बस स्टैण्ड और 13 व 14 मई को नगर पालिक निगम परिसर में शिविर आयोजित की जाएगी। उक्त शिविर में आवेदक अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए आर्डर कर सकते है।

### नाराजगी: दुर्ग जिले में भी बरती गई लापरवाही, किसानों को नहीं मिला न्याय


# भारतमाला परियोजना के मुआवजा के लिए चक्कर काट रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के देवादा से लेकर रायपुर के अभनपुर तक बनने वाले सिक्सलेन में जिले के किसानों की भी जमीन प्रभावित हुई है। लेकिन छः साल बीतने के बाद भी मुआवजा राशि नही मिलने से किसान परेशान हो गए है। हालात यह हैं कि, अब किसान कोर्ट की शरण लेने को मजबूर हो गए हैं।

राज्य शासन ने भले ही भारतमाला परियोजना को लेकर कई जिलों में जांच शुरू कर दी है। यही हाल दुर्ग जिले का भी है। जहां राजस्व अधिकारियों द्वारा मुआवजा राशि जारी करने में जमकर बंदरबांट की गई हैं। एक ही तरह के जमीन का अलग अलग मूल्यांकन कर गडबडी की गई। इस मामले की शिकायत लगातार किसानों ने की थी। विगत दिनों पीडित किसानों द्वारा उमरपोटी गांव से होकर जा रहे सडक निर्माण कार्य बंद करा दिया गया था। इससे पहले अरसनारा में भी आंदोलन कर चुके हैं। वही नवंबर माह में हिन्दी भवन के सामने प्रदर्शन कर चुके। किसान महेन्द्र चोपडा ने बताया कि, किसान अब कोर्ट की शरण में जाने मजबूर हो गए हैं।

**न्याय नहीं मिलने से कोर्ट की शरण में जाने को किसान हो रहे विवश**



### मूल्यांकन में गड़बड़ी का दोषी कौन?

मुआवजा गणना में सबसे बडी खामी यह है कि, छोटे जमीन यानि पांच सौ वर्ग मीटर से कम की जमीन का मूल्यांकन इस्क्वेयर फीट में करना है। लेकिन राजस्व अधिकारियों ने इसकी गणना हेक्टेयर से कर दिया है। जिसके चलते किसानों को 75 फीसदी से ज्यादा नुकसान हो रहा हैं। दुर्ग जिले में जिन भू-स्वामियों की जमीन परियोजना के तहत अधिग्रहित की गई है, उन्हें मुआवजा हेक्टेयर में दी जा रही है। जबकि केन्द्र शासन द्वारा ही यह नियम निर्धारित की गई है, उसका जिला प्रशासन द्वारा अनेदखी की गई।

### वर्ष 2018 से चल रहा संघर्ष

भारतमाला परियोजना के तहत दुर्ग जिले में करीब 12 गाँव के किसान और भू-स्वामी प्रभावित हैं। इनकी जमीन 2018 से अधिग्रहित कर ली गई है। आज 6 वर्ष हो गए इन्हें मुआवजा नहीं मिला है। पीडित शिव चन्द्राकर, महेन्द्र चोपड़ा, सुरेन्द्र साहू, अखिलेख साहू, विक्रम सुर, रौता रानी राय, प्रमोद रात्रे, संजीत सिंह, चन्दन, सुलक्षणा कोसरे, महेश चन्द्राकर, बाल मुकुन्द तिवारी, प्रियंका यादव, मीना पाण्डेय, नूतन दूबे, कुसुमलता साहू, सौमा देवी, भुनेश्वर प्रसाद द्विवेदी, परमजीत उप्पल, संदीप सिंह, एम प्रीति, नीलम यादव, सुनीता तिवारी, मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि कई बार प्रशासन से शिकायत कर चुके हैं।

### छः लाख की रजिस्ट्री, तीन लाख का बनाया मुआवजा

हैरान तब हो रही है जब कई किसानों को सरकारी दर से कम का भुगतान किया जा रहा हैं। इसमें एक पीडित जानकी साहू हनौदा पटवारी हल्का नंबर 39 आरआई सर्किल अंडा ने बताया कि, उन्होने वर्ष 2017 को 278.81 मीटर की जगह सरकारी दर पर 6 लाख 91 हजार 500 सौ रूपए में खरीदा था, जिसकी बयनामा लिखित दस्तावेज हैं। इसके एवज में उन्हें तीन लाख 40278 रूपए का अवार्ड पारित किया गया। जिसे दिया भी नही गया। उन्होने जनदर्शन में आवेदन लगाया तब उन्हें इस बात की जानकारी दी गई हैं।

### मकान भी प्रभावित, रिकार्ड में बताया जमीन

किसान महेन्द्र चोपडा ने बताया कि, कुछ किसान ऐसे है। जिनका मकान तक प्रभावित हुआ है। लेकिन रिकार्ड में जमीन दिखाए जाने से उन्हें कम मुआवजा देने प्रकरण बनाया गया हैं। भू-स्वामी धनोरा के शिव चंन्द्राकर का कहना है कि, वे अपनी जमीन पर पक्का मकान बनवाए है। जहां व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होने बताया मुआवजा मिलना नही और जमीन भी छिन गई। मुआवजा नही मिलने से नाराज 120 भू-स्वामियों ने जमीन पर आपत्ति लगाए है। बडी बात यह है कि, पीडित किसानों को अवार्ड पत्र भी नहीं दिया गया है।

# वाटर हार्वेस्टिंग लगाए बगैर नहीं मिलेगा पूर्णता प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाए बगैर मकान का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नही किया जाएगा। यही नही नगरनिगम के एमआईसी की बैठक में यह भी कहा गया है कि, बिजली कंपनी को पत्र लिखेगें। जिसमें बिजली कनेक्शन देने से पहले शर्त रखा गया है कि, जब तक पूर्णता प्रमाण पत्र नही मिलेगा, कनेक्शन जारी नही होगा।

■ लोक कर्म प्रभारी ने ली समिति के सदस्यों के साथ बैठक

नगर निगम महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन में बुधवार को प्रभारी नगरीय नियोजन एवं लोक कर्म समिति में बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने लोक कर्म विभाग से जुड़े अधिकारियों को विकास कार्यों को कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर कार्यों को करने के निर्देश दिए गए। निगम सीमा अंतर्गत वार्ड के समस्त पार्षदों से राय लेकर 1 लाख तक बीटी रोड़ पेंच रिपेयरिंग कार्य कराए जाने हेतु प्रस्ताव बनाया जाएगा। निगम सीमा अंतर्गत समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराया जाएगा। दुर्ग निगम क्षेत्रांतर्गत जितने भी भवन बनाए जाते हैं, उनमें रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित होने के पश्चात ही भवन पूर्णता प्रमाण पत्र दिया जाएगा। बिजली विभाग को पत्र दिया जाएगा कि, बिना भवन पूर्णता प्रमाण पत्र एवं टैक्स की रसीद के स्थायी बिजली मीटर न दिया जाए। दुर्ग शहर सीमा अंतर्गत राजस्व विभाग से विभिन्न शासकीय जगहों की सूची मांगकर उन स्थानों पर वृक्ष लगाकर फेंसिंग कार्य किया जाएगा।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं तो जुर्माना

भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाता है, तो उसे जुर्माना देना पड़ सकता है। यह निर्णय शहर में जल संचयन को बढ़ावा देने और भूजल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से लिया गया है। सभी नए भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य होगा। पुराने भवनों में भी रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की आवश्यकता होगी। जो व्यक्ति इस नियम का पालन नहीं करेगा, उसे जुर्माना देना पड़ सकता है। इसे सख्ती से लागू करने के लिए एक टीम का गठन किया है। यह टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भवनों का निरीक्षण करेगी और जो व्यक्ति इस नियम का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ज्ञापन सौंपने आए ग्रामीण कलेक्टोरेट में भटकते रहे



दुर्ग। भटगांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण बुधवार को जिला मुख्यालय में पहुंचे थे। इस दौरान कोई भी जिम्मेदारी अधिकारी मौजूद नही थे। जिससे नाराज ग्रामीण अपने ज्ञापन को डिस्पैज में देकर लौट गए। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा ह। जिसमें उन्होने बताया कि अनुसूचित जनजाति गोड वर्ग के लोग जन्म से यहां निवास कर रहे है। लेकिन उनका जाति प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत द्वारा नही बनाया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत आवेदन भी किया गया था। लेकिन निराकरण नही हुआ हैं। इस दौरान लक्ष्मी, शंकरलाल, राहुल उइके, नरहर लाल, विशाल, मुस्कार उइके, भगवती नेताम सहित अन्य उपस्थित थे।

## राजीव भवन में आज बोरे बासी खाएंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



मजदूर दिवस के अवसर पर बोरे बासी तिहार आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा रखा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि, इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उपस्थित पर बोरे बासी तिहार का कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे राजीव भवन दुर्ग में किया जाएगा। विदित छत्तीसगढ़ की सरकार छत्तीसगढ़ी संस्कृतिक सभ्यता एवं खानपान की उचित स्थान एवं सम्मान दिलाने का कार्य किया गया है। वह जिनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में अपनी ऊंचाई प्राप्त की जिन्होंने मजदूर सम्मान पर बोरे बासी तिहार प्रारंभ किया। इसी प्रकार इस वर्ष भी मजदूरों के सम्मान हेतु बोरे बासी तिहार का कार्यक्रम रखा गया है।

## मुख्य सचिव ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ नए कानून के प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिले में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संभागायुक्त, आई जी, कलेक्टर एवं एसपी की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में समस्त पिलर्स से नये कानूनों से क्रियान्वयन के संबंध में अद्यतन जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर, एसपी जिले में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करें। न्यायालयों में 60-90 दिवस की समय-सीमा के अंतर्गत चालान प्रस्तुत करने के संबंध में अभियोजन के अधिकारियों की बैठक लेकर जानकारी से अवगत कराएं। सभी आवश्यक जगहों, स्वास्थ्य केन्द्र, बैंक, जेल, कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं तहसील कार्यालयों में विडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। जिले में अंतर विभागीय समिति की बैठकें आयोजित किया जाए। नये कानूनों के संबंध में जनजागरूकता लाने व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। विभिन्न जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभाग के आयुक्त एवं आईजी से नये आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रतिक्रियात्मक रेण्डमली जानकारी भी ली। बैठक में संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## बड़ी मात्रा में महुआ शराब एवं वाहन जब्त

दुर्ग। गश्त के दौरान आबकारी विभाग जिला दुर्ग के द्वारा वृत दुर्ग आंतरिक दक्षिण के अन्तर्गत ग्राम घोरारी में अवैध शराब के निर्माण विक्रय धारण की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 200 लीटर महुआ शराब तथा 4,000 किलोग्राम महुआ वाहन जप्त किया गया है। जिसका बाजार मूल्य 2,30,000 रूपये है। खेत के रास्ते अज्ञात आरोपीगण भाग निकले मौके पर 15 भट्टियां मिली, जिसे नष्ट किया गया है। सहायक आयुक्त आबकारी से मिली जानकारी अनुसार प्रकरण में अज्ञात




के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक अरविन्द साहू द्वारा विवेचना में लिया गया है।

## सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक का सम्मान

दुर्ग। साक्षरता भवन सिविल लाइन संकुल समन्वयक विकासखंड दुर्ग द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक एवं संकुल समन्वयक सुरेश कुमार चंद्राकर प्र. पा . शान्ति नगर भिलाई की सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडेय, बीईओ गोविंद साव, स्त्रोत समन्वयक श्रवण कुमार सिन्हा, किरण चंदवानी की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए बीआरसी श्रवण सिन्हा ने भी सेवानिवृत संकुल समन्वयक को जीवन के नई पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए अच्छे आयोजन के लिए समस्त संकुल समन्वयक की सराहना और बधाई दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ सीएसी लील सिंह वर्मा, जयंत यादव, हरीश देवांगन, बृजकिशोर शर्मा, चंद्रहास देवांगन, ऋषिकांत शुक्ला, सुमन प्रधान, निहारिका दुबे, विजय कुमार दुबे आदि मौजूद थे।






## खबर संक्षेप



### शिविर में 94 ग्रामीण हुए लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कुटेश्वर लाइम स्टोन माइन्स के सीएसआर के तहत ग्राम तिमुआ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक मनोज कुमार तथा सरपंच ग्राम टिमरूआ, कोनिया तीरथ पटेल द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। 94 लोगों की जांच कर उन्हें दवाई का वितरण किया गया। शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। कुटेश्वर माइंस डिस्पेंसरी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर की टीम में चिकित्सक अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद जहूर, फार्मासिस्ट श्री मोसेस तिग्गा, राजश्री उपस्थित थे।

### एसएमएस-2 के कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक टी गोविन्द के मुख्य आतिथि थे। एसएमएस-2 के श्रमवीरों में अर्जुन सिंग गधवाल, तारकेश्वर प्रसाद वर्मा, हेनरी अमित, सोहन दास मानिकपुरी उदय राम कौशल प्रसाद वर्मा, सोहन लाल सोनटेके, अजय कुमार मौर्या, राजेश कुमार चौरसिया को माह जनवरी से मार्च के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा हमारी पहली प्राथमिकता अपने कर्मचारियों की सुरक्षा है। आप लोगों ने अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कई कठिन कार्यो को अंजाम दिया है। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी आरके ठाकुर ने किया।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई समीक्षा बैठक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा (ई) बैठक, दिनांक 28 अप्रैल 2025 को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता ईडी पवन कुमार ने की। बैठक में सभी कार्यपालक निदेशक,मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, उप महाप्रबंधक, कार्यपालक निदेशक राजीव कुमार ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। का पवन कुमार ने कहा कि वॉइस टायपिंग की सहायता से हिंदी में टाइप करना आजकल बोलने जितना आसान हो गया है। अतः हम सभी हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और शत-प्रतिशत हिंदी में कामकाज के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करें। महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत भाषण दिया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने आभार प्रदर्शन किया।

# दोष मुक्ति प्रकरणों की समीक्षा, त्रुटियां सुधार को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने दोष मुक्त प्रकरणों की समीक्षा कर आरोपियों द्वारा बार-बार स्थगन लेने पर आपत्ति की है। यह बैठक आईजी कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। जहां समीक्षा और विश्लेषण के लिए उप संचालक अभियोजन, लोक अभियोजन अधिकारियों की बैठक आईजी गर्ग ने ली। इस दौरान न्यायालयों द्वारा आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों को दोषमुक्त किए जाने के कारणों की समीक्षा की गई।

## आईजी ने सभागार में अफसरों के साथ की बैठक



### ये अधिकारी भी मौजूद थे

बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एसएस ध्रुव, उप संचालक अनुरेखा सिंह, उप संचालक बालोद प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक बेमेतरा कंचन पाटिल, एएसपी पद्मश्री तंवर, एएसपी बालोद अशोक जोशी, डीएसपी शिल्पा साहू, डीएसपी बेमेतरा कौशल्या साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

अभियोजन पक्ष द्वारा इस पर प्रकाश डाला गया कि विवेचना के दौरान तथ्यान्वेषण की त्रुटियां, साक्ष्य संकलन में लापरवाही, गवाहों पीड़ितों के पक्षद्रोही हो जाने जैसी परिस्थितियां दोषमुक्ति के प्रमुख कारण हैं। आईजी ने बताया कि विवेचकों को प्रकरणों के पीड़ित और गवाहों से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए उनके पूर्व कथनों पर दृढ़ रहने के लिए प्रेरित करने को कहा है। वे न्यायालय में निर्भिक व स्वतंत्र रूप से साक्ष्य पेश कर सकें। इससे अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी अभियोजन सुनिश्चिति हो सकेगा। आईजी गर्ग ने कहा कि नवीन आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत अभियोजन अधिकारी किसी भी प्रकरण में आरोपी द्वारा बार-बार स्थगन लेने पर आपत्ति व्यक्त करने के लिए अभियोजन अधिकारियों से चर्चा की है। जिसमे आरोपियों द्वारा पेशी तारीखें बढ़वाने का प्रयास करते है। इसके अलावा पेशी में अनुपस्थित रहते है। अभियोजन पक्ष को न्यायालय के समक्ष, आपत्ति प्रस्तुत करनी होगी। जिससे प्रकरणों का शीघ्र निस्तारीकण किया जा सके।

## भारी पड़ सकती है भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा में लापरवाही

# सुरक्षा में सेंध, जर्जर बाउंड्रीवाल टूटी पड़ी, टीन शेड से चल रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा में चूक संयंत्र पर भारी पड़ सकती है। बीएसपी की बाउंड्रीवाल कई जगह से टूट जाने से सेंधमारी का अंदेशा बना हुआ है। जगह जगह टूटी दीवार चोरों का दावत दे रही है। संयंत्र के अंदर अरबों रुपए का स्टील और अन्य सामान रखा हुआ है।

भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा के लिए वर्षों पूर्व संयंत्र की स्थापना के समय से ही चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था। संयंत्र चारों तरफ से करीब बीस किलोमीटर बाउंड्रीवाल से घिरा हुआ है। बाउंड्री वर्षों पुरानी होने से कई स्थानों में जर्जर हो चुकी है। बाउंड्रीवाल करीब आधा दर्जन स्थानों में चालीस पचास फीट की दूरी तक टूटी होने से इन स्थानों पर पचासों टिन की चादरें खड़ी कर काम चलाया जा रहा है। जेपी सीमेंट से मड़ौदा टैंक जाने वाले की मार्ग पर टूटी दीवार की जगह टिन से घेर दिया गया है। बीच बीच में गेप भी है। यहां कुछ ही दूरी पर तीन स्थानों पर टिन रख दिए गए हैं। पुरैना जोरातराई क्षेत्र में भी ओपन एरिया है। सीआईएसएफ के जवान भी चौकसी के लिए काफी दूरी पर तैनात होते हैं। इसके चलते संयंत्र में सेंधमारी और चोरी का अंदेशा बना हुआ है। चोरी की घटनाएं बढ़ भी रही हैं। कुछ दिनों पूर्व एक पार्षद और कुछ लोगोंको संयंत्र में लोहा चोरी करते पकड़ा भी गया था। इसके पूर्व भी कई बार भट्ठी पुलिस और सीआईएसफ ने चोरों को चोरी करते दबोचा था।

### जेपी सीमेंट और मड़ौदा डैम क्षेत्र में चार स्थानों पर बाउंड्री में खड़े किए टिन



### टूटी बाउंड्री पर नहीं है सुरक्षा जवान

बीएसपी के मेन गेट, बोरिया गेट जोरातराई गेट सहित चारों ओर सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के सैकड़ों जवानों मुस्तैद रहते हैं। ऊंचे टावर पर भी जवान खड़े होकर चोरों पर नजर रखते हैं। पचासों सीसीटीवी कैमरों से भी सुरक्षा की जा रही है। लेकिन जिन स्थानों पर बाउंड्रीवाल काफी दूरी तक टूटी हुई है, वहीं सुरक्षा जवानों की ड्यूटी नहीं लगाई गई है। इससे चोरों के हौसले बुलंद है।

### मगडंप व ओएचपी में बाउंड्री जर्जर

बीएसपी के ओएचपी- ए और ओएचपी - बी एरिया में भी दो स्थानों पर बाउंड्री जर्जर होने से टूटी पड़ी है। यूनियनों की कई बार मांग के बाद भी इन स्थानों पर बाउंड्रीवाल की अब तक मरम्मत नहीं की गई है। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन बजट बचाने और लापरवाही से टूटी बाउंड्री के स्थानों पर जगह जगह बेतरतीब से टिन खड़े कर सुरक्षा को लेकर निश्चित हो गया है। विदित हो कि संयंत्र के अंदर अरबों रुपए का उत्पादित स्टील के अलावा कांपर आदि के उपकरण सहित पचासों प्रकार के उपयोगी सामान रखे हुए हैं।

# नवीनीकृत इस्पात क्लब सेक्टर 4 का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टर-4 में नवीनीकृत इस्पात क्लब का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक और इस्पात क्लब के अध्यक्ष के नन्द किशोर साहू, उप-महाप्रबंधक डीसी सिंह, उप-महाप्रबंधक रणवीर सिंह, राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा और क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि प्रबंधन संयंत्र में उत्पादन को बढ़ाने की चर्चा साथ अपने कर्मचारियों की सुविधाओं के बारे में भी सोचता है। उन्होंने क्लब के नियमित देख-रेख और उससे विवेकपूर्ण तरीके से लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के हरिशंकर चतुर्वेदी, सुरेन्द्र चौहान, कैलाश सिंह, कार्तिक पाण्डेय, सुदीप सेनगुप्ता, अमित कुमार सिंह, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

■ प्रबंधन ने संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने पर की चर्चा

### वालीबाल कोर्ट का भी निर्माण

बीएसपी द्वारा सिविल नवीनीकरण के अंतर्गत इस्पात क्लब सेक्टर -7 की तरह इस्पात क्लब सेक्टर-4 का आंतरिक और बाह्य रूप से पूर्ण नवीनीकरण किया गया। अटैच बाथरूम के साथ दो नए कमरे व बैंक्वेट-हॉल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा दो नए स्टेज बनाए गए हैं व बाउंड्रीवाल की मरम्मत के साथ ही इस्पात क्लब प्रांगण के अंदर के रोड की रेकार्पेटिंग व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण भी किया गया है।

# श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मंत्री अरुण साव और पूर्व सीएम भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छग राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की दिवंगत माताजी पूर्णिमा चंद्राकर के दशगात्र कार्यक्रम में बुधवार को नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव भी शामिल हुए। वे ग्राम कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट परिसर में आयोजित शोकसभा में पहुंचे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, संगठन महामंत्री पवन साय, अजय जामवाल, रामप्रतम सिंह, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जयसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, लखन देवांगन, टंकराम वर्मा दयालदास बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, अजय चंद्राकर, धरम लाल कौशिक, राजेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान भजन की प्रस्तुति महंत लीलाधर साहू ने दी।

■ कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट परिसर में शोकसभा आयोजित

# हटाए गए सहायक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ रिकेश ने सीएम सहित कैबिनेट का माना आभार

मंत्री परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किए गए 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है। सेन ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए विधानसभा सदन सहित मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से भी बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था। इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे। उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर लगातार सदन में आवाज बुलंद की। कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कैबिनेट ने कहा है कि सभी सहायक शिक्षक उन सभी को हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।

# बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बीएसपी अधिकारी एस. मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रवींद्रनाथ एम, अरुण कुमार उपस्थित रहे। दासगुप्ता अपनी पत्नी त्रिपर्णा दासगुप्ता, बेटी निहारिका के साथ आयोजन में शामिल हुए। अधिकारियों ने उनके लगभग 39 वर्षों की सेवा और बीएसपी में 6 वर्ष की सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। सेफी एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, अमूल्य प्रियदर्शी, सौमिक डे ने दासगुप्ता का सम्मान किया। समारोह का संचालन अपर्णा चंद्रा ने किया। आईआईटी-बीएचयू के मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग के छात्र रहे अनिर्बान दासगुप्ता ने 1 अगस्त 1986 को प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में सेल के सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) से अपनी सेवा प्रारंभ की थी। सीईटी में कार्यकाल के दौरान उन्होंने रणनीतिक एवं तकनीकी परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने वर्ष 2005 एवं 2012 की सेल की कॉर्पोरेट योजनाओं तथा इस्को इस्पात संयंत्र के पुनरुद्धार योजना में अहम भूमिका निभाई। अक्टूबर 2010 में उन्हें सेल कॉर्पोरेट कार्यालय के अध्यक्ष सचिवालय में उप-महाप्रबंधक तथा बाद में महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ किया गया, जहाँ उन्होंने उच्च-स्तरीय नीति निर्माण एवं संचालन रणनीतियों में प्रभावशाली योगदान दिया। सितंबर 2017 में दासगुप्ता को इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया, जहां उन्हें दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) एवं एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। जून 2019 में वे बीएसपी के सीईओ बनाए गए। जहां वे पुनः डीएसपी और एएसपी के अतिरिक्त प्रभार के साथ नियुक्त हुए। संयंत्र संचालन में उनकी सफलता ने उन्हें फरवरी 2020 में सेल के निदेशक (परियोजना एवं व्यापार योजना) के रूप में बोर्ड में स्थान दिलाया।

### अप्रैल माह में 91 कर्मचारी की भी सेवानिवृत्ति

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल माह में कुल 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 16 सदस्यों सहित 09 कार्यपालक व 66 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएसपी अधिकारी एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, आरके श्रीवास्तव, संदीप माथुर, विजय शर्मा ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

## कर्मचारियों को समस्याओं के निदान के लिए मिला आश्वासन

# स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक की सीजीएम के साथ हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों की मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के साथ अहम बैठक हुई। इसमें टाउनशिप और कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। कई मुद्दों पर प्रबंधन से सहमति बनी। टाउनशिप के सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम पुनःशुरू करने, 650 स्क्वायर फिट तक क्वार्टर लाइसेंस पर देने एवं इसके जमानतदार के 5 वर्ष नौकरी बचे होने की बाध्यता समाप्त करने, कर्मचारी के क्वार्टर का बाहर से भी पुताई करने एव सिक्सट्री एवेन्यू व फॉरेस्ट एवेन्यू को चौड़ीकरण करने की मांग की गई। प्रबंधन ने लाइसेंस/ रिटेंशन के लिए जमानतदार की 5 साल नौकरी की बाध्यता को कम करने का आश्वसन दिया। एक सप्ताह में टाउनशिप में प्रमोशन पॉलिसी के लिए सीनियरिटी लिस्ट जारी करने व कर्मचारी के घरों में अंदर और बाहर भी व्हाइट वॉश शुरू करने पर सहमत हुआ। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंटक की मांग पर शुरु की गई सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम के बंद हो जाने से जहां वरिष्ठ कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। प्रबंधन को डैमेज क्वार्टर मिल रहे हैं और वेलकम स्कीम के तहत उसे अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। स्कीम फिर से शुरू किया जाए। सीजीएम उत्पल दत्ता ने आश्वस्त किया कि शीर्ष प्रबंधन से निर्देश आने पर शुरू किया जा सकता है। कर्मियों को 650 स्क्वायर फीट तक क्वार्टर लाइसेंस पर देने और जमानतदार के 5 वर्ष की सर्विस की बाध्यता समाप्त करने की भी मांग की। बैठक में तेजी से रिटायर हो रहे कर्मियों के खाली आवासों में अवैध कब्जे रोकने 650 स्क्वायर फिट तक के क्वार्टर को सभी सेक्टरों में लाइसेंस पर देने की मांग की गई। वर्तमान में जो सी 3 टाइप सीजीएम ने आश्वस्त किया कि मांग जायज है और 5 वर्ष की बाध्यता को समाप्त कर इसे कम से कम किया जाएगा।



### ट्विन अलॉटमेंट का दायरा बढ़ाएं

यूनियन में कहा कि अभी तक 400 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को ट्विन अलॉटमेंट कैटेगरी में दिया जा रहा है जरुरत को देखते हुए 500 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर दिए जाएं। आश्वासन मिला। कर्मचारियों के क्वार्टर में बाहर व भीतर किया व्हाइटवाश किया जाए। कर्मचारियों के परिवार में शादी होने पर व्हाइटवास किए जाने की मांग पर भी प्रबंधन ने सहमति दी।

### प्रमोशन प्रक्रिया जल्द शुरू हो

इंटक यूनियन ने कहा कि टाउनशिप में एनईपीपी लागू नहीं किया गया है जिसके कारण से यहां के कर्मचारियों को प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है यहां प्रमोशन प्रक्रिया जल शुरू की जाए। बैठक में इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि सहित रमाशंकर सिंह, धनेश प्रसाद, ज्ञानेंद्र पांडेय, एके चक्रवर्ती, संतोष प्रसाद, शरद व रविंद्र नाथ व प्रबंधन से जीएम दिनेश कुमार, राजेश साहू, विष्णु पाठक, केके यादव डीजीएम डीसी सिंह, राघवेंद्र गर्ग, एजीएम सरोज झा, कमरुद्दीन, निखिलेश मिश्रा, यशवंत साहू, मिलिंद बंसोड़ और पद्मिनी कुमार उपस्थित थे।



हरिभूमि लाइव
भिलाई, गुरुवार 1 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04
बहारों का मौसम

लाइव इवेंट

## अहंकार जीव को ईश्वर से करता है विमुखः श्रीश्वरी



**भिलाई।** ग्राम उमरपोटी में चल रहे दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन के नवमें दिन दिव्य दार्शनिक प्रवचन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी ने महापुरुष की पहचान के बारे में बताते हुए कहा कि वास्तविक महापुरुष कभी भी किसी को संसार का सामान नहीं देते। महापुरुष जानते हैं ये संसार नशा पैदा करता है, अहंकार पैदा करता है, जो अहंकार जीव को ईश्वर से विमुख कर देता है। जैसे हितेशी माता-पिता अपने पुत्र को जहर पीते नहीं देख सकते, उसी प्रकार महापुरुष भी जीव का पतन होते नहीं देख सकते। महापुरुष रिद्धि–सिद्धि के चमत्कार भी नहीं दिखाते, अपितु जो बाबा लोग इन सिद्धियों का चमत्कार दिखा कर लोगों को भरमाते हैं। वो नरकीय लोकों को प्राप्त होते हैं। भागवत में भगवान अपने श्री मुख से स्वयं कहते है कि जो मुझसे प्रेम करते है वो रिद्धि-सिद्धि के चमत्कार इत्यादि के चक्कर में कभी नहीं पड़ते। मेरे वास्तविक भक्त तो ये रिद्धि–सिद्धि देने पर भी ठुकरा देते हैं। वास्तविक महापुरुष श्राप नहीं देते महापुरुषों का हृदय तो इतना कोमल होता है कि जो उनका अहित करते हैं उनका भी वो हित ही सोचते हैं। अतएव अनिष्ठ करने के दृष्टिकोण से कोई महापुरुष श्राप नहीं दे सकता। इसी प्रकार से वास्तविक महापुरुष आशीर्वाद भी नहीं देते। बिना शरणागति के बिना साधना के कोई भी महापुरुष किसी जीव को आशीर्वाद नहीं दे सकता। वास्तविक महापुरुष की अंतिम पहचान बताते हुए श्रीश्वरी ने कहा कि उनका संग करने से संसार से वैराग्य और ईश्वर में अनुराग अपने आप बढ़ने लगता है।

सिटी इवेंट

## धनोरा स्कूल के दो विद्यार्थी का अग्निवीर में चयन



**भिलाई।** विद्यार्थियों को देश सेवा के लिए भारतीय सेनाओं में जाने का प्रयास करना चाहिए। आज हमारी भारतीय सेनाओं के बदौलत ही हम सभी राष्ट्र में चैन की नींद सोते हैं। धनोरा स्कूल की प्राचार्य डॉ. नीलिमा गजपाल ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा के दो विद्यार्थियों का चयन भारत सरकार की अग्निवीर योजना के अंतर्गत हुआ है। विद्यार्थी मनीष साहू का चयन इस वर्ष अग्निवीर के लिए हुआ है, जिसकी ट्रेनिंग सागर में हो रही है। इसके पूर्व पिछले वर्ष भी विद्यालय का ही एक छात्र पूनम साहू अग्निवीर टीम हेतु चयनित हुआ और वर्तमान में वह श्रीनगर में पदस्थ है। गजपाल ने कहा कि इस तरह विद्यार्थियों का चयन होना ना केवल हर्ष और गौरव का विषय है, वरन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक भी है। कक्षा दसवीं से लेकर शाला से पढ़ कर निकले हुए पुराने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए अलग से शिक्षिकाओं के द्वारा विशेष प्रयास किया जाता है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। विज्ञान विषय की तैयारी हेतु श्वेता सिंह, इंद्राणी बोस, प्रियंका खापर्डे, गणित विषय की जटिलताओं को दूर करने का कार्य सारिका सोनी द्वारा किया जाता है। अन्य विषयों की शिक्षिकाओं विभावरी केशरी, अलका आग्लावे, प्रीति ताम्रकार, सोमा सरकार, सरिता श्रीवास्तव, चित्ररेखा ठाकुर, स्मृति नायक सहित अन्य भी बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए प्रयास करते हैं।

सिटी इवेंट

## शासकीय स्कूल कुरुद के परीक्षा परिणाम घोषित, बच्चों के चेहरे खिले



**भिलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला कुरुद में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा पहिली से चौथी तक के सभी बच्चे उपस्थित रहे। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिले। संस्था प्रमुख विरेन्द्र कुमार पारकर ने बच्चों को बधाई देते हुए ग्रीष्म ऋतु में अपने स्वास्थ का ध्यान रखते हुए घर पर रहकर पढ़ने की बाते कही। शिक्षक प्रीतम कुमार साहू ने प्रगति पत्रक वितरण करने से पूर्व उनके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। अपने स्तर की जांच कर आगामी कक्षाओं की तैयारी ग्रीष्म ऋतु में करने की बातें कही।

● अक्षय तृतीया के दिन अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में विशेष आयोजन, गांव-गांव में मनी

# अनोखी शादियां : गांवों में गुड्डा-गुड़ियों की शादी के लिए निकली बारात, शहर में दिव्यांग जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**अक्षय तृतीया यानी अक्ति के दिन बुधवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में अनोखी शादियां देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गुड्डा-गुड़िया की शादियां हुईं। बच्चों ने गुड्डे की बारात निकाली, तो शहरी क्षेत्र में अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में दिव्यांग जोड़ों की शादियां प्रमुख आकर्षण रही। विधि-विधान और पारंपरिक तरीके से इन जोड़ों की शादियां कराई गई। भीषण गर्मी के बीच दूल्हे बारात लेकर पहुंचे। जबकि 40 डिग्री तापमान रहा। दिव्यांग जोड़े भी व्हीलचेयर पर बैठकर शामिल हुए। उपहार में उन्हें श्रीमद्भागवत दी गई। सामूहिक विवाह के दौरान बैंड-बाजों को साथ बारात निकाली गई। इसके बाद शादी की रस्में निभाई गई।**

**भिलाई।** भिलाई के अग्रसेन भवन में स्व. भगवती प्रसाद रायका की स्मृति में लगातार चौथे वर्ष में भारत विकास परिषद अग्रसेन जनकल्याण समिति, अग्रसेन महिला समिति, राधे बिहारी ट्रस्ट नेहरू नगर एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से अक्षय तृतीया पर यह आयोजन किया गया। 85 जोड़ों का सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इसमें चार जोडे दिव्यांग भी शामिल थे। अग्रसेन जनकल्याण समिति एवं समिति के सभी पदाधिकारी व समाज के गणमान्य नागरिकों ने अपनी गरिमामय उपस्थित से विवाह को अत्यधिक भव्यता प्रदान की। अग्रवाल समाज की महिला पदाधिकारियों ने नवनिवेश नव विवाहित जोड़ों को काफी संख्या में उपहार प्रदान कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। अग्रसेन महिला समाज की अध्यक्ष गायत्री अग्रवाल ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन करने के लिए अग्रवाल समाज हमेशा तत्पर रहते हैं। कार्यक्रम में अग्रसेन जनकल्याण समिति के दिलीप अग्रवाल व शरद अग्रवाल भी उपस्थित थे। उन्होंने भी अपना आशीर्वाद नव विवाहित जोड़ों को प्रदान किया। विवाह आर्य समाज के द्वारा विधि विधान से कराया गया। विवाह के पश्चात शानदार भजन की व्यवस्था की गई, जिसका नवदंपत्ती ने आनंद उठाया। अग्रसेन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल और महासचिव अनिल अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में और भव्य तरीके से यह सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।









### मटके में पानी की जगह बच्चों को बांटी पानी की बोतलें

रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था एवं स्वसहायता समूह ने अक्ति तिहार के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ की परम्परा के अनुसार मटके में पानी भरकर दिया जाता है। आंगनबाड़ी के नन्हें बच्चों को पानी की बॉटल, ग्लूकोज़ घोल के साथ भेंट किया गया। अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में विभा साहू न्युयार्क द्वारा आयोजित किया गया। साथ हि अक्ति की हार्दिक शुभकामनाएं दी। संस्था से तेज साहु, नंदनी साहु, शान्ता शर्मा की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी उरला में यह कार्यक्रम हुआ।

### जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-4 में अक्षय तृतीया पर रथ यात्रा की तैयारी शुरू



भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का विशेष महत्व है। यह यात्रा न केवल धार्मिक भावना का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, भक्ति और सेवा की भावना को भी जाग्रत करती है। बुधवार को जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 4 में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाली लकड़ियों की विधिवत पूजा सम्पन्न की गई। अक्षय तृतीया के दिन रथयात्रा में पूजा विधि का एक खास महत्व होता है। इस दिन रथ निर्माण में उपयोग होने वाली लकड़ियों की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की जाती है, जिसमें वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया जाता है। इसके अलावा, भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के लिए बन रहे रथ की आधारशिला रखी जाती है। पुरोहित पितवास पाढ़ी द्वारा लकड़ियों का विधिवत पूजा अर्चना प्रारंभ किया गया। जिसमें रथ के शिल्पी श्री निरंजन महाराणा ने रथ निर्माण में प्रयुक्त होने वाले लकड़ियों तथा औजारों की पूजा की। इस अवसर पर रथ निर्माण से जुड़े मंदिर की समर्पित टीम के सदस्य शामिल हुए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महासचिव श्री सत्यवान नायक, अनाम नाहक, निरंजन महाराणा, वृंदावन स्वाईं, बीसी बिस्वाल, त्रिनाथ साहू, कालू बेहेरा, रवि स्वाईं, प्रकाश दास, भीम स्वाईं, सीमांचल बेहरा विशेष रूप से योगदान दिया। रथ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि यह एक सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक संगम है। इसकी शुरुआत अक्षय तृतीया के दिन रथ निर्माण पूजा से होती है, जो पूरे आयोजन की आत्मा है। इस प्रकार 27 जून को आयोजित होने वाले रथयात्रा के प्रारंभिक प्रक्रिया की शुरुआत की गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या मे श्रद्धालु उपस्थित रहे ।



### खुर्सीपार में परशुराम जयंती समारोह में शामिल हुए विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की पर खुर्सीपार में परशुराम की प्रतिमा के करीब जन्मोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन शाम 6 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, शंकराचार्य ग्रुप के डायरेक्टर आईपी मिश्रा, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मनीष पांडेय, संजय ओझा, पार्षद पीयूष मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे। पांडेय ने इस अवसर पर सामाजिक एकता और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

दुर्ग-भिलाई में युवाओं के स्वावलंबन हेतु एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर का निरीक्षण

# शहर में खुलेगा एमएसएमई टेक्नोलॉजी, युवाओं को मिलेगा कौशल विकास और स्टार्टअप का मौका

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रसमड़ा में संचालित एमएसएमआई टेक्नोलॉजी सेंटर का बुधवार को स्वावलंबी भारत अभियान और चेंबर ऑफ कामर्स के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने अवलोकन किया। इसे भारत सरकार का सूचना केंद्र एवं परिवहन सुविधा की दिशा में ठोस पहल बताया। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन संचालित टेक्नोलॉजी सेंटर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के युवकों को कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। रोजगार के नए अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। प्रतिनिधि मंडल ने इसव विषय पर गंभीरता से चर्चा की। सूचना केंद्र की स्थापना के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान जानकारी मिली कि रसमड़ा स्थित टेक्नोलॉजी सेंटर के बारे में दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के अधिकांश युवाओं तक सही जानकारी नहीं पहुंच पाई है। इसके कारण युवा भारत सरकार की महत्वपूर्ण सेवाओं से वंचित हो रहे हैं।



### शहर में सूचना केंद्र खोले जाने की तैयारी

रसमड़ा से फीडबैक मिलने के बाद तय किया गया कि एमएसएमई सूचना केंद्र शहर में खोला जाए। इसके लिए तत्काल जगह की तलाश की जाए। इससे युवाओं को केंद्र से जुड़ी समस्त जानकारी सरलता से प्राप्त हो सकेगी। युवाओं के लिए परिवहन सुविधा का प्रस्ताव रखा गया। यह भी प्रस्तावित किया गया कि औद्योगिक इकाइयों से सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के तहत सहयोग लेकर दुर्ग-भिलाई के विभिन्न वार्डों एवं ग्रामीण इलाकों से एमएसएमई सेंटर तक बस सेवा प्रारंभ की जाए, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण केंद्र तक सुगमता से पहुंचने की सुविधा मिल सके।

### कौशल विकसित करने दिया जा रहा प्रशिक्षण

अवलोकन के दौरान चेंबर ऑफ कामर्स के महामंत्री अजय भसीन, स्वावलंबी भारत के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे उपस्थित थे। चौबे ने बताया कि टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्देश्य एमएसएमई सेक्टर को तकनीकी सहायता प्रदान करना है। उद्योगों के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना, नई तकनीक, डिजाइन और उत्पादन क्षमताओं का विकास करना, युवाओं को उच्च स्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना है। भविष्य में चैम्बर ऑफ कॉमर्स और स्वावलंबी भारत अभियान संयुक्त रूप से युवाओं के स्किल डेवलेपमेंट और इंटर्नशिप के लिए व्यापक योजना तैयार करेंगे।

### नए प्रयोग से स्वदेशी उत्पादों के प्रोडक्शन को मिलेगा बढ़ावा

चौबे ने बताया कि इस नए प्रयोग से स्वदेशी उत्पादों के प्रोडक्शन को बढ़ावा मिलेगा। दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित किया जाएगा। टेक्नोलॉजी सेंटर से जुड़ी अन्य जानकारी मौके पर ली गई। चौबे ने बताया कि युवाओं के कौशल को निखारने लगातार प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। इसकी शुरुआत हो चुकी है। नियमित रूप से इस दिशा में काम किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्हें स्टार्टअप की जानकारी दी जा रही है।

सिटी इवेंट

## कश्मीर में हुई घटना मानवता के खिलाफ : विशुद्ध सागर



**भिलाई।** दिगंबर जैन समाज का प्रतिनिधि मंडल बलवाड़ा स्कूल में आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर से मिला। इस दौरान समाज के लोगों ने श्रीफल अर्पण कर आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। विशुद्ध सागर मंगल विहार कर स्कूल परिसर पहुंचे थे। इस अवसर पर आचार्य से विशेष चर्चा की गई। प्रदीप जैन ने बताया कि आचार्य श्री ने कहा कि कश्मीर की घटना पूरे मानवता के खिलाफ है। इसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। इस अवसर पर आचार्य का केसर जल से पद प्रक्षालन किया गया। इस दौरान शोभित दोषी इंदौर, प्रदीप जैन बाकलीवाल भिलाई, सुयश जैन, सुरेश जैन, कैलाश जैन आदि ने पद प्रक्षालन करते हुए मंगल आशीर्वाद ग्रहण किया। मुनि सुब्रत सागर, रमेश सागर से भी मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। सुमतिनाथ धाम की तस्वीर भी दिखाई। इसके बाद आचार्य संघ का मंगल आहार हुआ। इस दौरान नवनिर्मित स्कूल में आचार्य से विश्राम के लिए निवेदन भी किया गया।



● दुर्ग-भिलाई में सामाजिक भवनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पूरे दिन विधि-विधान से पूजा-अर्चना

# सकल ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम को किया नमन, शंखनाद के साथ भ्रमण के लिए निकली शोभायात्रा

**भिलाई/दुर्ग।** भगवान परशुराम की जयंती ब्राह्मण समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। 29 अप्रैल से शुरू हुआ आयोजन बुधवार को भी जारी रहा। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज ने परशुराम का जन्म प्रकटोत्सव मनाया गया। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरयूपारीण, कान्यकुब्ज, ब्रम्हभट, उत्कल, महाराष्ट्रियन, राजस्थानी, सनाढ्य, गौड़, बंगाली, गुजराती, पंजाबी ब्राह्मण सहित सकल ब्राह्मण समाज ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। मुख्य पुजारी पं. केशव शर्मा ने सारे संस्कार कराए। मुख्य यजमान गजेंद्र पंडा एवं राजलक्ष्मी पंडा थे। उनकी उपस्थिति में सारी पूजा अर्चना, आरती, शंख, घंटा बजाकर विधिवत पूजा हुई। भोग भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुछ जगहों पर शोभायात्रा भी निकाली गई। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी, राम लखन मिश्र, प्रभु नाथ मिश्र, अतुल अवस्थी, संजय शर्मा, सरोज चौबे, शेष नारायण शर्मा, देवी चक्रवर्ती, अरुण पंडा, लक्ष्मी नारायण विश्वा, अवधेश पांडे, प्रकाश दास, बीपी मिश्र, सोमेश त्रिवेदी सहित अन्य विप्रजन मौजूद थे। सभी ने भगवान परशुराम के बताए मार्ग पर चलने, उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस दौरान जानकारी दी गई कि 10 मई दिन शनिवार को दुर्ग में भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकाली गई। शाम 4 बजे अग्रसेन चौक से शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा पोलसाय पारा, सराफा लाइन, इंदिरा मार्केट, गंजपारा से शिवनाथ नदी परशु राम भवन में जाकर समाप्त होगी।






### मराठी ब्राह्मण समाज ने निकाली शोभायात्रा, आकर्षक वेशभूषा में नजर आईं महिलाएं

महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण जागृति सभा के तत्वावधान में विष्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर गजानन मंदिर हुडको से शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई, जिसमें महाराष्ट्रीयन ब्राम्हण जागृति सभा के पुरूष, महिलाएं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा स्कूटी, बाइक व कार से श्रीराम चौक हुडको, सेक्टर-9 चौक, सेक्टर-5 चौक से बालाजी मंदिर होते हुए परशुराम चौक, मैत्रीनगर, रिसाली पहुंची। डीपीएस चौक में परशुराम विप्र सेवा समिति की ओर से शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। गजानन मंदिर हुडको में विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे द्वारा आरती की गई। महाप्रसाद का वितरण किया गया। परशुराम चौक में समिति द्वारा आतिशबाजी व पुष्पगुच्छ से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। प्रसाद वितरण किया गया। परशुराम विप्र सेवा समिति' द्वारा सभी उपस्थिति विप्र बंधु-भगिनियों के लिए छाछ की व्यवस्था की गई। उपस्थित भक्तों के नाच-गाने के पश्चात शोभायात्रा श्री गजानन मंदिर हुडको में वापस आकर संपन्न हुई। शोभायात्रा में मनीष पांडेय, दिनेश यादव, सोमेश त्रिवेदी, अनिल मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।




### महिलाओं ने बच्चों को संस्कारवान बनाने लिया संकल्प

राष्ट्रीय ब्राह्मण महिला प्रकोष्ठ ने परशुराम के जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना और आरती की। प्रसाद एवं शरबत का वितरण किया। साथ ही यह संकल्प लिया कि सभी ब्राह्मण एक होकर, मिलकर बच्चों को धर्म के लिहाज से संस्कारवान बनाएंगे। कार्यक्रम में सचिव गीता पांडे, उपाध्यक्ष नीलम तिवारी ने मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर संगीत द्विवेदी, अंजू त्रिपाठी, बिंदु मिश्रा, पूनम त्रिपाठी, गुड्डी, अनीता पांडे, सुनीता तिवारी, पुष्पा पांडे, सुष्मिता मिश्रा, प्रीती मिश्रा, पार्वती पांडे, ममता, नीरजा पाठक, सरोज चौबे, विजया शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

एजुकेशन लाइव

## विकसित भारत के निर्माण में दिव्यांग की भूमिका विषय पर व्याख्यान




**भिलाई।** विकसित भारत के निर्माण में दिव्यांग व्यक्तियों की भूमिका पर समान अवसर प्रकोष्ठ द्वारा सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों एवं प्राध्यापकों ने सहर्ष सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की शुरुआत समान अवसर प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. ज्योत्सना गड़पायले ने की। प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने कहा कि समृद्ध विकसित समाज के लिए दिव्यांगजन की समानता हमारी मूलभूत आवश्यकता है। हमारे संविधान में बहुत ही अच्छे से व्याख्या की गई है। देश में सरकार के द्वारा दिव्यांगजन के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान की गई है। सिर्फ दिव्यांगजनों को सुविधाएं पता है, यह जरूरी नहीं। लेकिन देश में एक जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमें यह भी देखना है कि ये सुविधाएं सही समय तक सही लोगों तक पहुंच रही है या नहीं। प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने कहा कि देश के विकास में सभी का साथ होना अनिवार्य है, क्योंकि जब तक सब साथ नहीं देंगे तब तक भारत का विकास कैसे हो सकता है। महाविद्यालय की अकादमिक डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी ने कहा कि कार्यक्रम छात्रों में समान जागरूकता का बीज बोते हैं। इससे एक अच्छे विकसित समाज की शुरुआत होगी। सहायक प्राध्यापक डॉ. एन. पापा राव ने दिव्यांगता को विस्तृत रूप से परिचित कराया एवं उनको विकसित भारत में इनकी भागीदारी बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नोडल अधिकारी डॉ. अमित ताम्रकार ने कहा कि एआई तकनीकी एवं छह इंद्रियों के माध्यम से दिव्यांगजन उच्च सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. नीलम गांधी, डॉ. सोनिया पोपली, डॉ. प्रीति जैन, डॉ. अदिति आचार्य, डॉ. कन्हैया पाण्डेय मौजूद थे।

■ सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में हुआ आयोजन

सियान सदन की आमसभा

## बुजुर्गों ने उठाई सियान आयोग गठन की मांग, जल्द मिलेंगे मुख्यमंत्री से



**भिलाई।** वरिष्ठ नागरिक महासंघ की वार्षिक आमसभा वैशालीनगर सियान सदन में हुई। आम सभा में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सियान आयोग गठित किए जाने की मांग उठी। उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस मांग को राज्य के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को पत्र लिखकर गुहार लगाई। एक अन्य प्रस्ताव में भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के लिए भूमि आवंटन की अंतिम चरण में अटकी हुई फाइल की तत्काल स्वीकृति देने की मांग भी शासन से की गई। बैठक की अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू ने की। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। महासंघ के सचिव गजानंद साहू ने वार्षिक प्रतिवेदन और वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। प्रमुख सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन ने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा एवं उनकी सुविधाओं पर कटौती किए जाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा से उनका जीवन कष्टप्रद एवं दुखी हो गया है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के निराकरण एवं उनके कल्याण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सियान आयोग गठित किए जाने की मांग की, जिसका सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से समर्थन किया। बलबीर सिंह सहगल ने वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे द्वारा बंद कर दी गई यात्रा छूट को तत्काल फिर से चालू करने, प्रापर्टी टैक्स में वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने, सियान सदनों में उनके मनोरंजन के साधन मुहैया कराने आदि मांग रखी। बैठक में एनपी मिश्रा, बाबूलाल साहू, रामायण मिश्रा, पुरूषोत्तम साहू, गजानंद साहू, फूलचंद साहू, दिनेश गुप्ता, हुकुमचंद देवांगन, शिवप्रसाद साहू, जोहनलाल साहू, दुलारदास साहू आदि मौजूद थे।

■ वरिष्ठ नागरिकों की उपेक्षा एवं सुविधाओं में कटौती ने बढ़ाई चिंता

कलाकार प्रेमचंद को दी श्रद्धांजलि

## कॉलेज के विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम की आधार मुद्राओं के बारे में जाना



**भिलाई।** नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सभी आयु वर्ग के लिए आयोजित यह कार्यशाला रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास का एक अनूठा मिश्रण प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत सुगम संगीत का मूल, भरतनाट्यम का आधार और अभिनय के माध्यम से भाषा और संवाद सम्प्रेषण के माध्यम से विकास पर कार्य किया जा रहा है। दुर्ग शहर के कलाकार माधव राम सिन्हा द्वारा आरंभ में सरगम का अभ्यास कराया गया। साथ ही सुगम गायन की विशेषता बताई गई। गुलशन कुमार ने टेबल में संगत दी। प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने भरतनाट्यम नृत्य की आधार मुद्राओं को बताया गया। युवा रंगकर्मी केवेंद्र साहू ने अभिनय कौशल की बारीकियों को बताया। कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों के साथ साथ अन्तराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर सुप्रसिद्ध नर्तक एवं संस्कृत नाटको के सिद्धहस्त कलाकार प्रेमचंद होम्बल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्व. होम्बल ने कलाक्षेत्र चेन्नई से रुक्मिणि अरुन्देल से नृत्य ग्रहण की एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय उनकी कर्मस्थली रही। देश विदेश में आपने संस्कृत नाटकों को भरतनाट्यम शैली में प्रस्तुत किया। कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू ने प्रेमचंद जी की कलायात्रा के बारे में जानकारी दी।

**संगीत महाविद्यालय में व्यक्तित्व विकास पर सात दिवसीय कार्यशाला**

सिटी इवेंट

## विदाई समारोह में पहलगाम में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नात्तकोत्तर कॉलेज राजनांदगांव के समाजशास्त्र विभाग के चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। आयोजन द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने किया। इसमें मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य डॉ. अलोक मिश्रा थे। विशेष रूप से अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. एचके गर्चा, राजनीति विभाग प्रमुख आबेदा बेगम, समाजशास्त्र विभाग की प्रमुख डॉ. उषा सोनवानी, अतिथि व्याख्याता सुरेन्द्र कुमार पटले, जनभागीदारी व्याख्याता गीता उपस्थित थीं। कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले जिसमें 28 भारतीय नागरिक शहीद हो गए, उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का संचालन ललिता वर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन डॉ. उषा सोनवानी ने किया।

विधायक रिकेश सेन ने दी तिरुमला तेलुगु महिला समाज को भवन की दी सौगात

कार्नर न्यूज

# तिरुमला तेलुगु समाज के उगादि समारोह में रंगोली, व्यंजन और नृत्य प्रतियोगिता, महिलाओं ने निभाई सहभागिता

**भिलाई।** तिरुमला तेलुगु महिला समाज ने सेक्टर 1 के गणेश पंडाल के डोमशेड में उगादि समारोह धूमधाम से मनाया। समारोह में रंगोली, व्यंजन और नृत्य प्रतियोगिताएं भी रखी गईं। तीनों प्रतियोगिताओं में जज की भूमिका मनप्रीत कौर ओशान, के सबिता और डॉ. नेहा गुप्ता ने निभाई। वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन बतौर विशेष अतिथि खास तौर पर मौजूद थे। उन्होंने घोषणा की कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र वैशाली नगर में तिरुमला तेलुगु महिला समाज के लिए भवन बना कर देंगे और जब तक भवन निर्मित नहीं होगा, तब तक समारोह की व्यवस्था सेक्टर 04 स्थित एसएनजी विद्यालय के ऑडिटोरियम में की जाएगी। समारोह का संचालन रमा गोर्ती ने किया। अध्यक्ष टी जयारेड्डी की अगुवाई में कार्यक्रम हुए।






### भरत नाट्यम से की गणेश वंदना, पारंपरिक परिधान में नजर आई महिलाएं



समारोह का शुभारंभ भगवान बालाजी, श्रीदेवी तथा भूदेवी के चित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद बी पूर्वी ने भरत नाट्यम के माध्यम से गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। गणेश वंदना के बाद मीनाक्षी ग्रुप ने शानदार तरीके से उगादि नृत्य पेश कर दर्शक दीर्घा में बैठीं महिलाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पुष्पा फिल्म के गानों की धुन पर पारंपरिक परिधान में महिलाओं ने कमाल का डान्स किया, डान्स का ऐसा खुमार छाया कि मंच के बाहर अन्य महिलाएं कलाकारों की देखादेखी नाचने लगीं। हर परफॉरमेंस के बाद लोगों ने जोरदार तालियों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कलाकारों ने पेशेवर नर्तकियों के समान एक से बढ़कर एक नृत्य पेश किया। इस मौके पर डॉ अप्पल नायडु का सम्मान भी किया गया।

### नृत्य में चरोदा और सेक्टर 4 प्रथम स्थान पर

नृत्य प्रतियोगिता के नतीजों के मुताबिक चरोदा और सेक्टर 04 को प्रथम स्थान मिला। चरोदा ग्रुप में एल मीनाक्षी, जी राजेश्वरी, एम सुनीता, पुष्पा एवं श्रद्धा तथा सेक्टर 04 ग्रुप में के शारदा, सृजना, पी अनिता, एस कलावती, पी जया एवं लक्ष्मी शामिल थी। तालपुरी और सेक्टर 01 ग्रुप द्वितीय रहे। तालपुरी से दीपिका, माधुरी, टी वीणा, बी तुलसी तथा उमा और सेक्टर 01 से जे उषा, हर्षा, निर्मला, स्वप्ना तथा काव्या ने हिस्सा लिया। सेक्टर 02 को तृतीय स्थान मिला, जिसमें पूजा, सरिता, गायत्री, अन्नू एवं शिवानी शामिल थी। सेक्टर 06 को चौथे स्थान से ही तसल्ली करनी पड़ी। व्यंजन में प्रथम ए लक्ष्मी, द्वितीय सृजना एवं तृतीय के लक्ष्मी और रंगोली में प्रथम बी कांतम्मा एवं तुलसी, द्वितीय श्यामला एवं पी नागमणि, तृतीय रागम्मा एवं कल्पना रही। विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को स्मृतिचिह्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लोकनाथ राव, संतोष खिचलू, शिवराज शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 24वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप 2 और 3 मई को दल्लीराजहरा में



रायपुर। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में म्यू थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक-बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 09 से 14 जून 2025 तक एमडी यूनिवर्सिटी, रोहतक (हरियाणा) में किया जा रहा है।
उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि इस राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छ ग म्यू थाई दल के चयन हेतू ओपन एयर थिएटर, दल्लीराजहरा जिला बालोद में 02 - 03 मई 2025 को 24वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन छ ग एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला म्यू थाई संघ बालोद एवँ राजहरा मार्शल आर्ट्स क्लब के द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
प्रतियोगिता के प्रथम दिन 02 मई 2025 को खिलाड़ियों का वजन, मेडिकल एवँ निर्णायक गण हेतू म्यू थाई खेल नियमो का संक्षिप्त सेमिनार होगा। 03 मई 2025 शनिवार के शाम 06 बजे पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव है जो छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यू थाई संघ के संरक्षक भी है। पुरुस्कार वितरण समारोह के विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा के अलावा बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, केंद्रीय खेल मंत्री के निज सचिव सिद्धांत शर्मा, दल्लीराजहरा खदान समूह के मुख्य प्रबंधक आर बी गहरवार, भाजपा युवा नेता adv अंजिनेश शुक्ला आदि उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता बालक, बालिकाओं के 10-11, 12-13, 14-15, 16-17, 17-23 और +23 वर्ष के अलग अलग वजन समूह में होगी। चयन प्रतियोगिता में अम्बिकापुर, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर चाम्पा, दंतेवाड़ा, कोरबा, मुंगेली एवँ रायपुर जिले के लगभग 175 खिलाड़ी, अधिकारी भाग ले रहे हैं जिसमे आयु और वजन वर्ग अनुसार लगभग 70 सदस्यीय दल चुना जाएगा जो आगामी 6वीं UMAI राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप रोहतक में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। राज्य प्रतियोगिता में रायपुर के 50 खिलाड़ियों के दल की घोषणा जिला संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन द्वारा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव, विशाल हियाल, टिकेश्वरी साहू के सहयोग से की गई जिसमे 15 बालिका एवँ 35 बालक खिलाड़ी हैं।

### धूप से आकर तुरंत पीते हैं ठंडा पानी? जान लीजिए इसके गंभीर नुकसान



गर्मियों ने दस्तक दे दी है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस मौसम में आप थोड़ी देर के लिए ही क्यों न बाहर निकलें आपका गला और जुबान सूखने लगता है,ऐसा लगता है कि कब ठंडा पानी मिल जाए और सुकून आ जाए, हम में से अधिकतर लोग धूप से आकर चिल्ड पानी पी लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आज से ही करना बंद कर दीजिए,क्योंकि इससे आपकी सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। धूप से आने के बाद ठंडा पानी पीने से आपके शरीर का तापमान गड़बड़ा जाता है। दरअसल जब आप बाहर से आते हैं तो आप के शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होता है और आप अचानक से ठंडा पानी पी लेते हैं तो इससे आपको सर्दी गर्मी की शिकायत हो जाती है। इसके कारण सर्दी जुकाम बुखार हो जाता है। वहीं जब आप अचानक से ठंडा पानी पी लेते हैं तो इससे आपके पाचन पर भी प्रभाव पड़ता है इसके कारण आपकी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है और आप को अपच की शिकायत हो जाती है। एक्सपर्ट के मुताबिक ठंडा पानी पीने से हाथ से खुलने लगते हैं और इसके कारण आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है। ठंडा पानी पीना आपके दिल के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है जब आप कुछ ठंडा पानी पीते हैं तो इससे आपका ब्लड वेसल से कूदने लगती है और ब्लड फ्लो धीमा होने लगता है और ऐसे में हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है। धूप से आकर तुरंत बाद अगर आप ठंडा पानी पी लेते हैं तो आपके सिर में गंभीर दर्द हो सकता है। ऐसा आपका ब्रेन फ्रीज होने की वजह से होता है। बहुत ज्यादा ठंडा पानी पीने से दिमाग की नसों पर असर पड़ता है, जिसके कारण यह ठीक प्रकार से काम नहीं कर पाती है।

## गर्मियों में सेहत का ख्याल रखें गंभीरता के साथ

# झुलसाने वाली गर्मी में बढ़ जाती है चक्कर आने और बेहोशी की दिक्कत, इस मुश्किल घड़ी में अपनाएं जरूरी उपाय

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी और लू के शरीर पर कई प्रकार के दुष्प्रभाव हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि सभी लोगों को इन दिनों धूप और गर्मी से बचाव करते रहना चाहिए। जिन लोगों को पहले से ही किसी प्रकार की क्रोनिक बीमारी जैसे हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज या हृदय रोगों की समस्या रही है उन्हें इन दिनों में और भी सावधान हो जाना चाहिए। लू के कारण अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है। गर्मी के दिनों में आपने भी बेहोशी और चक्कर आने जैसे मामलों के बारे में जरूर सुना और देखा होगा। पर क्या आप जानते है कि आखिर ऐसा होता क्यों है और गर्मी के कारण कोई बेहोश हो जाए तो तुरंत क्या उपाय किए जाने चाहिए जिससे उसे किसी गंभीर समस्या से बचाया जा सके?



### हीट स्ट्रोक के कारण होने वाली समस्या

हीट स्ट्रोक या गर्मी के कारण आने वाले चक्कर-बेहोशी की समस्या आमतौर पर तब होती है जब हमारे शरीर का तापमान कुछ प्रकार के बाहरी कारकों जैसे उच्च तापमान की प्रतिक्रिया में काफी बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के मौसम में बाहर रहने वाले, फील्ड में काम करने वाले या गर्मी के मौसम में बाहर खेलने-व्यायाम करने वाले लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। यह दिक्कत तब भी हो सकती है जब आप किसी गर्म कार या इनडोर क्षेत्र में हों जहां का तापमान अधिक हो। यही कारण है कि गर्मियों में सेहत का ख्याल कैसे रखें, क्या करें-क्या नहीं? इस बारे में जानना जरूरी है।

### क्यों होती है बेहोशी?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गर्मी के दिनों में अधिक तापमान के संपर्क में आने के अलावा भी कुछ स्थितियां हैं जिनके कारण आपको चक्कर आने-थकान और बेहोशी की समस्या हो सकती है। निर्जलीकरण यानी कि डिहाइड्रेशन इसका एक प्रमुख कारण है। शरीर से पसीने के रूप में पानी निकल जाने और उस अनुपात में पानी न पीने की स्थिति में डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है जिसमें बेहोशी होना एक प्रमुख लक्षण है। इसके अलावा अचानक से ठंड से गर्म या गर्म से ठंडी जगहों में जाने से शरीर के तापमान में होने वाले बदलाव के कारण भी बेहोशी-चक्कर आने की दिक्कत हो सकती है।

### गर्मियों में चक्कर आने से कैसे बचें?

डॉक्टर द्वारा दिए गए कुछ सुझावों का पालन करके गर्मियों में चक्कर आने-बेहोशी से बचा जा सकता है।

पर्याप्त मात्रा में पानी पीना सुनिश्चित करें। पानी से भरपूर फलों-सब्जियों का भी सेवन जरूर करें। अत्यधिक चाय या कॉफी पीने से बचें। इनसे निर्जलीकरण का खतरा हो सकता है। ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) लेते रहें। शरीर के तरल पदार्थों को जल्दी से पूरा करने में इससे मदद मिल सकती है। गर्मियों में नारियल पानी और नींबू पानी जैसे पेय का



सेवन जरूर करते रहें। जितना संभव हो सके सूरज के संपर्क में आने से बचें, खासकर दोपहर के दौरान। सूती, ढीले-ढाले और हल्के कपड़े पहनें।

### बेहोशी होने पर क्या करें?


डॉक्टर बताते हैं, गर्मी के दिनों में बेहोशी-चक्कर आने का प्रमुख कारण शरीर की तापमान बहुत अधिक बढ़ जाना होता है। यदि कोई बेहोश हो जाए तो सबसे पहले शरीर के तापमान को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय करें। डिहाइड्रेशन के खतरे को कम करने के लिए तरल पदार्थ-पानी पिलाएं।



## आंखों में जलन के साथ आ रहा है पानी तो ऐसे पाएं निजात

आजकल गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बढ़े हुए तापमान के बीच, लोगों को कई तरह की परेशानियां हो रही हैं। तेज गर्मी में चक्कर आना, कमजोरी महसूस होना, बेहोशी आना और बीपी लो होना जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। हीट वेब के बीच, अपना खास ख्याल रखना जरूरी हो जाता है। गर्मी के कारण, आंखों में भी परेशानी महसूस हो सकती है। आंखों में जलन, पानी आना और खुजली होना, गर्मी के कारण होने वाली आम समस्या है। इसे दूर करने के लिए और इससे बचने के लिए, कुछ आसान तरीके कारगर हैं। चलिए, आपको बताते हैं कि किस तरह आप, गर्मी के कारण, आंखों में होनी वाली परेशानियों से निजात पा सकते हैं।

### गर्मियों में आंखों से आने वाले पानी और जलन को दूर करने के लिए अपनाएं ये तरीके



गर्मी के मौसम में बाहर जाते समय और बाहर से आने के कुछ देर बाद, आंखों को साफ पानी से जरूर धोएं। इसके अलावा, बाहर जाते वक्त सनग्लासेस जरूर पहनें। आंखों में नमी और ठंडक को बनाए रखने के लिए, बीच-बीच में गुलाब जल जरूर डालें। गर्मियों में आंखों में जलन न हो, इसके लिए,शरीर को हाइड्रेट रखना भी जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी और छाछ जैसे ठंडे ड्रिंक्स को भी डाइट में शामिल करें।

आंखों में जलन या खुजली महसूस हो रही हो या फिर अगर आपकी आंखों में गर्माहट हो, तो इसे दूर करने के लिए एक मुलायम कपड़े में आइस क्यूब्स लेकर इसे बंद आंखों के ऊपर और आस-पास के हिस्से में लगाएं। अपने चेहरे और आंखों को बार-बार हाथों से न छुएं। इससे भी आंखों में जलन हो सकती है। गर्मियों में आंखों की जलन को कम करने के लिए, कच्चे खीरे के टुकड़ों को काटकर, कुछ देर के लिए आंखों पर रखें।

इसमें हाइड्रेटिंग और ठंडक देने वाले गुण पाए जाते हैं। अगर आंखों से पानी आ रहा है, तो आंखों को कपड़े से साफ न करें। इससे वेट टिश्यू से साफ करें। कपड़े से बार-बार आंखे पोंछने से आंखों मेंसूजन भी आ सकती है। तेज धूप में जाने से बचें। खासकर, दोपहर में 12-3 बजे के बीच, तेज धूप में न निकलने की कोशिश करें।



## देवी-देवताओं को केले के पत्ते में भोग लगाने का महत्व जरूर जानिए



केले के पत्ते को शुभता और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इसका उपयोग पूजा-पाठ, धार्मिक अनुष्ठानों में विशेष रूप से किया जाता है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी का वास होता है। नवग्रह पूजा में नौ केले के पत्ते का उपयोग किया जाता है। विवाह, गृह प्रवेश, नामकरण जैसे शुभ कार्यों में केले के पत्ते का उपयोग किया जाता है। गृह प्रवेश के समय केले के पत्ते पर चावल और कुमकुम से स्वागत किया जाता है। विवाह में वधू-वर को केले के पत्ते पर बैठाया जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, केले के पत्ते घर में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं। मुख्य द्वार पर केले के पत्ते लगाने से नकारात्मक ऊर्जा घर में प्रवेश नहीं करती है। पूजा स्थान पर केले के पत्ते रखने से शांति मिलती है। इतना ही नहीं, पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए केले के पत्ते पर भोजन दान किया जाता है। अब ऐसे में केले के पत्ते में किन देवी-देवताओं को भोग लगाने से लाभ हो सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

भगवान विष्णु को लगाएं भोग

भगवान विष्णु को केले के पत्ते पर तुलसी, कमल का फूल, और फल रखकर भोग लगाना चाहिए। ऐसा करने से जातक के विवाह में चल रही परेशानियां दूर हो सकती है। साथ ही सुख-समृद्धि का भी आगमन हो सकता है। इसके अलावा दांपत्य जीवन में चल रही समस्याएं दूर हो सकती है। केले के पत्ते में भगवान विष्णु को भोग लगाने से उनकी कृपा बनी रहती है। साथ ही कुंडली में स्थित ग्रहों की स्थिति ठीक हो जाती है।

भगवान गणेश को लगाएं भोग

भगवान गणेश को केले के पत्ते में भोग लगाना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी को केले के पत्ते बेहद प्रिय है। केले के पत्ते में भोग लगाने से जातक को बुध दोष से छुटकारा मिल सकता है। साथ ही जीवन में कभी किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

मां लक्ष्मी को लगाएं भोग

माता लक्ष्मी को केले के पत्ते में भोग लगाने से लाभ हो सकता है। ऐसा कहा जाता है कि केले के पत्ते में भोग लगाने से धन-धान्य की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही जातक के जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती है। इसके अलावा अगर आपको आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है, तो उससे भी छुटकारा मिल सकता है।

## करेले की सब्जी से कड़वापन निकालना आसान, ये रहा तरीका

गर्मी के मौसम में ज्यादातर डॉक्टर करेला खाने की सलाह देते हैं। करेले में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद रहते हैं। कई बीमारियों में करेले का सेवन किया जाता है। करेला एक ऐसी सब्जी है, जिसे सही तरह से बनाना काफी जरूरी होता है। वैसे तो करेला खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है, लेकिन अगर इसे सही से न बनाया जाए तो इसका स्वाद काफी कड़वा हो जाता है।



बड़े लोग तो फिर भी एक बार को ये सोचकर करेले खा लें, कि ये सेहत के लिए लाभदायक होते हैं, लेकिन बच्चों के खाने को लेकर काफी नखरे होते हैं। अगर आप भी इस बात से परेशान हैं, कि करेला बनाते वक्त ये कड़वे रह जाते हैं, तो ये लेख आपके लिए है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी टिप्स बताने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद करेले की सब्जी का कड़वापन दूर हो जाएगा।

### लगा कर रखें नमक

करेला बनाने से पहले तकरीबन 30 मिनट के लिए करेलों पर अच्छी तरह से नमक लगा दें। नमक में पाए जाने वाले मिनरल्स करेले के कड़वे जूस को हटाने में मदद करेंगे। आप चाहें तो इन्हें नमक के पानी में भिगो कर भी रख सकते हैं। बनाने से पहले इसे अच्छी तरह से धो जरूर लें।

### बीजों को हटाएं

करेले के बीजों में काफी कड़वापन पाया जाता है। ऐसे में आप करेला काटते वक्त इसके बीजों को निकाल दें। बीज निकालने के बाद इसका कड़वापन काफी हद तक कम हो जाएगा।

कार्नर न्यूज

## कमजोरी दूर कर अपना आत्मविश्वास बढ़ाने करें फोकस

# लो कॉन्फिडेंस की शिकार लोगों में घर कर जाती है निराशा, अपनाएं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके

कॉन्फिडेंस कम होने के कारण जीवन के हर पड़ाव पर मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि अपनी कमजोरी को दूर कर आप अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने पर फोकस करें। आत्मविश्वास जीवन में सफलता की कुंजी है। हालांकि कई बार परिस्थितियां व्यक्ति को आत्मविश्वास में कमी का शिकार बना देती हैं। धीरे-धीरे व्यक्ति पूरी तरह से अपना आत्मविश्वास खो देता है। कई बार व्यक्ति को खुद यह अंदाजा नहीं होता है कि उसमें असल में आत्मविश्वास की कमी है। कुछ संकेतों से यह समझा जा सकता है कि किसी में आत्मविश्वास की कमी तो नहीं। साथ ही कुछ बातों का ध्यान रखकर आत्मविश्वास को वापस भी पाया जा सकता है। तो चलिए इसी के साथ आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से जानते हैं आत्मविश्वास बढ़ाने के आसान तरीके।



### आत्मविश्वास में कमी के ये हैं लक्षण?

अगर आप निर्णय लेने में घबराते हैं, हमेशा दूसरों से नकारात्मक रूप में अपनी तुलना करते हैं, किसी से मदद लेने में संकोच करते हैं, अपने बारे में नकारात्मक बातें बोलते हैं और विफलता का डर आपको घेरे रहता है, तो आपमें आत्मविश्वास की कमी है। अगर खुद में ऐसी आदतें पनपती नजर आएं तो सतर्क हो जाएं और ऐसे कदम उठाएं जिनसे आपका आत्मविश्वास लौट आए। अपनी तारीफ को स्वीकार नहीं कर पाना, भविष्य को लेकर शंका में घिरे रहना और हमेशा लोगों को खुश करने की कोशिश में लगे रहना भी इसी का लक्षण है।

### खुद को जानें

आत्मविश्वास की ओर बढ़ने की पहली सीढ़ी है खुद को समझना। अपने बारे में आने वाले नकारात्मक विचारों को मन से हटाइए और सकारात्मक बातें सोचिए। अगर कोई बात पसंद न आए तो सामने वाले को न कहना सीखिए। दूसरों से अपनी तुलना बंद कीजिए और कुछ ऐसा कीजिए जो आपको पसंद हो। हमेशा दूसरों की पसंद खुद पर हावी मत होने दीजिए।





### अच्छी बातों का जश्न मनाइए

कभी-कभी हम अपने बारे में इतने नकारात्मक हो जाते हैं कि अच्छी बातों पर भी खुशी नहीं मना पाते हैं। ऐसा मत कीजिए। अगर कुछ अच्छा हो तो उसका जश्न मनाइए। अगर आपने कुछ अच्छा किया है और कोई आपकी तारीफ कर रहा है, तो उसे स्वीकारिए। अपने बारे में उन बातों की सूची बनाइए, जो आपको पसंद हैं। अगर आप लोगों के मुंह से बुराइयां सुनकर दिल से लगा लेते हैं, तो अच्छाइयों को भी स्वीकारना सीखिए।

### भरोसेमंद लोगों का नेटवर्क बनाइए

जीवन में कुछ ऐसे लोगों का साथ जरूरी है, जिनके साथ आपको अच्छा अनुभव होता हो। मन में कोई बात हो तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति से साझा कीजिए। अपना कोई दुख ऐसे व्यक्ति से ही साझा कीजिए, जिस पर भरोसा हो।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तीन साल की डेटिंग के बाद तीसरी शादी कर सकते हैं ब्रैड पिट

हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट अब जल्द ही तीसरी शादी के बंधन में बंध सकते हैं। उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड को शादी के लिए प्रपोज किया और हो सकता है कि इन गर्मियों के



आखिर तक दोनों शादी की घोषणा भी कर दें।

खबर के मुताबिक, 61 वर्षीय अभिनेता ब्रैड पिट ने 32 वर्षीय ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रमोन को न्यूजीलैंड में अपनी फिल्म की शूटिंग में जाने से पहले शादी के लिए प्रपोज किया। ब्रैड अब अपने पुराने रिश्तों और एंजेलिना जोली के साथ लंबे तलाक से अलग हो चुके हैं और अब वह तीसरी शादी करना चाहते हैं।

ब्रैड इस बात की कदर करते हैं कि इनेस ने उनके मुश्किल समय में उनका साथ दिया। अगर वह इनेस से शादी करते हैं तो यह ब्रैड की तीसरी शादी होगी। इससे पहले वे जेनिफर एनिस्टन और एंजेलिना जोली से शादी कर चुके हैं। जेनिफर से 2005 में तलाक हुआ, जबकि एंजेलिना के साथ उनकी शादी 2014 में हुई, लेकिन 2016 में तलाक की अर्जी के बाद 2024 में यह पूरी तरह खत्म हुआ।

इनेस के साथ ब्रैड का रिश्ता कुछ अलग है क्योंकि वे मनोरंजन जगत से नहीं हैं। ब्रैड को ऐसा साथी पसंद है, जो उनके साथ किसी भी तरह का कोई कम्पटीशन न करे। ब्रैड और इनेस का रिश्ता नवंबर 2022 में शुरू हुआ था। हो सकता है कि इस रिश्ते की घोषणा वह गर्मियों के आखिर कर कर दें। ब्रैड की तीसरी शादी में परिवार, दोस्त और कुछ करीबी सितारे ही शामिल होंगे। ब्रैड अपनी तीसरी शादी को बिना तामझाम के सादगी से करना चाहते हैं।

### टॉलीवुड

## नागा की 'एनसी 24' आधारित होगी एक खजाने की खोज पर, पौराणिक थ्रिलर से रूबरू होंगे दर्शक

अभिनेता नागा चैतन्य ने हाल ही में फिल्म 'तंडेल' के साथ बड़ी सफलता हासिल की, जो उनकी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यह फि ल म



देशभक्ति और रोमांटिक ड्रामा चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित थी। इस सफलता के बाद, चै अब अपनी 24वीं फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं, जिसके शीर्षक से पर्दा उठ गया है।

खबर के मुताबिक, नागा चैतन्य की नई फिल्म 'एनसी24' एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे 'विरुपाक्ष' के निर्देशक कार्तिक वर्मा दंडु बना रहे हैं। बड़े बजट वाली इस फिल्म में शानदार वीएफएक्स होंगे और यह खजाने की खोज के रोमांच पर आधारित होगी। नागा चैतन्य ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह उनकी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म होगी और वे इसके लिए बहुत उत्साहित हैं।

सोशल मीडिया पर फिल्म का शीर्षक 'वृषा कर्मा' होने की चर्चा है। इस फिल्म में नागा के अपोजिट मीनाक्षी चौधरी मुख्य अभिनेत्री होंगी। इनके अलावा फिल्म में लापता लेडीज फेम स्पर्श श्रीवास्तव खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण श्री वेंकटेश्वर सिने चित्रा और सुकुमार राइटिंग्स कर रहे हैं। फिल्म का संगीत अजनीश लोकनाथ तैयार कर रहे हैं। सामाजिक मुद्दे को उठाती है। फिल्म में एक्शन, ड्रामा और रोमांस का तड़का है।

### भोजपुरी

## 'अमीरों का दहेज' का ट्रेलर रिलीज, डॉयलॉग ने बढ़ाया दर्शकों का उत्साह

काजल राघवानी की आगामी भोजपुरी फिल्म 'अमीरों का दहेज' का ट्रेलर रिलीज होने के साथ ही सोशल मीडिया पर त ह ल का मचा रहा है। भो ज पु री



सिनेमा की इस सुपरहिट एक्ट्रेस ने एक बार फिर अपनी दमदार अदाकारी और आकर्षक अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया है। ट्रेलर में काजल एक मजबूत और भावनात्मक किरदार में नजर आ रही हैं, जो सामाजिक मुद्दों को उजागर करता है। फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब पर तेजी से वायरल हो रहा है, और फैंस इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

'अमीरों का दहेज' का ट्रेलर न केवल मनोरंजन से भरपूर है, बल्कि यह दहेज जैसी सामाजिक कुरीति पर भी गहरी चोट करता है। ट्रेलर में काजल राघवानी के साथ अन्य प्रमुख कलाकारों की झलक भी देखने को मिलती है, जिनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बांधे रखती है। एक्शन, ड्रामा, और रोमांस का तड़का लगाने वाली यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा के फैंस के लिए एक शानदार पैकेज होने का वादा करती है। ट्रेलर के बैकग्राउंड म्यूजिक और डायलॉग्स ने भी दर्शकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है।

काजल राघवानी, जो भोजपुरी सिनेमा की सबसे लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं, इस फिल्म में अपने किरदार के जरिए एक सशक्त मैसेज देने की कोशिश करती नजर आ रही हैं। ट्रेलर में उनके भावनात्मक और दमदार डायलॉग्स ने फैंस को प्रभावित किया है। उनके फैंस सोशल मीडिया पर ट्रेलर की जमकर तारीफ कर रहे हैं और इसे भोजपुरी सिनेमा में एक नई मिसाल बता रहे हैं। काजल की पिछली फिल्मों जैसे 'मेहंदी लगा के रखना' और 'पटना से पाकिस्तान' की सफलता को देखते हुए इस फिल्म से भी काफी उम्मीदें हैं।




### बहारों का मौसम

बात लंदन की हो या पेरिस की, फैशन की दुनिया में फ्लोरल प्रिंट का चलन अपने साथ एक विंटेज टच लेकर आता है जो बीते समय के फ्लोरल पैटर्न की याद दिलाता है। यह कुछ ऐसा है जैसे कि घर की अलमारी में रखे हुए पुराने कपड़े। एन-21 और वैलेंटिनो जैसे डिज़ाइनर इन गुजरे दौर के रूपांकनों को आधुनिक कट के साथ फिर से मंजरे आम पर ला रहे हैं, जो पुराने दिनों की याद और समकालीन फैशन का एक आदर्श मिश्रण बना रहे हैं।

## त्वचा को डीप करने के लिए फेशियल की जगह ये चीजें आएंगी काम, चेहरा जाएगा चमक

गर्मी का मौसम चरम पर है। इस मौसम में अक्सर त्वचा में मौजूद पोर्स में ऑयल की मात्रा बढ़ जाती है, जिसके कारण त्वचा चिपचिपी नजर आने लगती है। आमतौर पर गर्मी ही नहीं, बल्कि त्वचा का निखार खो जाने के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। त्वचा की देखभाल करने के लिए घर में मौजूद चीजें बेहद फायदेमंद होती हैं। तो आइये जानते हैं स्किन को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू नुस्खा। साथ ही, बताएंगे इस नुस्खे से त्वचा को मिलने वाले फायदों के बारे में-

कॉफी और खीरा स्किन में मौजूद पोर्स को डीप क्लीन करने में मदद करते हैं। त्वचा से टैनिंग हटाने के काम आती है। स्किन को ब्राइट करने में लाभदायक है। त्वचा के लिए नेचुरल स्क्रब की तरह से काम करती है।

### खीरे को चेहरे पर लगाने के फायदे क्या हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करने के काम आते हैं। खीरे में मौजूद मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं।

### चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए घरेलू उपाय

चेहरे की त्वचा को डीप क्लीन करने के लिए सबसे पहले वक खीरे को पीस लें। इसके बाद एक बाउल में आधा चम्मच कॉफी की



डालें। आपस में दोनों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद चेहरे पर लगा लें। 5 मिनट तक हल्के हाथों के दबाव से नाक पर स्क्रब करें। पानी और कॉटन की मदद से नाक आर लगे स्क्रब को साफ कर लें। इस तरह आप हफ्ते में 2 से 3 बार तक कॉफी से बनी स्क्रब चेहरे पर इस्तेमाल कर सकती हैं। पहली ही बार में आपको अपनी चेहरे की त्वचा में निखार नजर आने लगेगा। किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले आप एक्सपर्ट की सलाह जरूर लें। साथ ही एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें।

## मॉडर्न और फैंसी लुक देने में मदद करेंगे कुर्ती की नेक के लेटेस्ट

गर्मी का मौसम अपने पूरे शबाब पर है। इस मौसम में ज्यादातर हम कम्फ़र्टेबल रहने के लिए कुर्ती को जीन्स से लेकर पजामी तक के साथ में पहनते हैं। इसके लिए आपको मार्केट में कई तरह की रेडीमेड कुर्तियां देखने को मिल जाएंगी, लेकिन हम फिर भी अपने लिए परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए कुर्ती को सिलवाना ही पसंद करते हैं।



बदलते फैशन के दौर में आजकल कुर्ती की नेकलाइन के लिए आपको कई डिजाइंस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं वे सभी आप पर खूबसूरत नजर आए। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं कुर्ती की नेकलाइन के लिए मॉडर्न और फैंसी लुक देने वाले कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे अपने लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-



### सिंगल शोल्डर कुर्ती डिजाइन

मॉडर्न और स्टाइलिश लुक पाने के लिए इस तरह से आप एक तरफ के कंधे वाले यानी सिंगल शोल्डर डिजाइन की नेकलाइन वाली कुर्ती सिलवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती के साथ में आप कमर पर चौड़ी या पतले डिजाइन वाली बेल्ट को भी स्टाइल कर सकती हैं। लेंथ के लिए आप घुटने से नीचे तक लेकर जाए। देखने में इस तरह की कुर्ती आपको काफी मॉडर्न लुक देने में मदद करेगी।

### की-होल नेक डिजाइन कुर्ती

कुर्ती को ट्रेडिशनल लुक में स्टाइल करना चाहती हैं, लेकिन नेकलाइन के लिए भी कोई न कोई सिंपल सा डिजाइन बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप की-होल नेकलाइन बनवा सकती हैं। इस तरह का नेक डिजाइन आप शॉर्ट से लेकर लॉन्ग लेंथ वाली कुर्तियों के साथ में बनवा सकती हैं। फैंसी लुक के लिए आप नेकलाइन में डिजाइन वाले बटन को भी लगवा सकती हैं।

### ऑफ शोल्डर स्वीटहार्ट नेक कुर्ती डिजाइन

स्वीटहार्ट नेकलाइन एवरग्रीन फैशन में रहती है। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप स्वीटहार्ट नेकलाइन में ऑफ शोल्डर स्टाइल बनवा सकती हैं। इस तरह की कुर्ती आप ड्रेस की तरह भी स्टाइल कर सकती हैं। देखने में इस तरह का लुक काफी मॉडर्न नजर आएगा। कुर्ती को आप सिंपल या फ्रॉक स्टाइल में बनवाएं।

## इन देसी तरीकों को अपनाकर आप भी सनबर्न की समस्या से पा सकती हैं राहत

गर्मियों में घर से बाहर निकलते सनबर्न की समय हो सकती हैं। ऐसे में गर्मियों में बाहर निकलने से डर लगता है। अगर आप भी सनबर्न के कारण अपने जरूरी से जरूरी काम के लिए भी घर से बाहर नहीं निकल पाती हैं तो हम आपको बताएंगे कि आप इस गर्मी किन देसी तरीकों को अपनाकर आसानी से सनबर्न की समस्या से राहत पा सकती हैं।

### एलोवेरा जेल जरूर लगाएं

सनबर्न से तुरंत राहत पाना है तो आपको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करना चाहिए। सबसे पहले आपको ठंडे पानी से अपने चेहरे को धोना है। इसके बाद आप टिशू की मदद से अपने चेहरे को पोछें। फिर एलोवेरा जेल को पूरे चेहरे और गर्दन पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। आधे घंटे के बाद आप अपने चेहरे को धो सकती हैं। ध्यान रखें कि आपको फ्रेश एलोवेरा का ही अपने चेहरे पर इस्तेमाल करना चाहिए।

### बर्फ लगाएं

सनबर्न अगर ज्यादा हो गया है तो आपको



एलोवेरा के बाद अपने चेहरे पर बर्फ से सिकाई करना चाहिए। आईस क्यूब को साफ सूती कपड़ों के बीच में रखें। फिर इसे अपने चेहरे पर रगड़ें। ऐसे में आपका चेहरा चमकने लगेगा। अगर आपको ठंड ज्यादा लगती हैं तो आप आईस क्यूब को एक बड़ी कटोरी में डालें अब इसमें साफ पानी मिला लें। फिर इस पानी में आपको फेस को डुबोकर रखना है। ऐसे आपको 4 से 5 बार करना है।

## दो मिनट में मेकअप कर हो जाएं तैयार, जानें तरीका

पार्टी या फंक्शन में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यहां पर जानें से पहले अपने लुक को सोचकर रखते हैं। ऐसा इसलिए ताकि हम तैयार होने में समय कम लगे। साथ ही जब हम तैयार हो जाएं तो सबसे अलग नजर आए। कई सारे लोग रेडी होने के लिए पार्लर जाना भी पसंद करते हैं, ताकि मेकअप और हेयर स्टाइल क्रिएट करा सके। लेकिन हम आपको मेकअप आर्टिस्ट मीनाषी दत्ता ने जिन टिप्स को अपने वीडियो में बताया है उसके बारे में बताएंगे। इसमें उन्होंने 2 मिनट में मेकअप करने के तरीके को शेयर किया है। चलिए आपको भी बताते हैं कैसे आप 2 मिनट में मेकअप कर सकती हैं।

### मेकअप बेस के लिए लगाए बीबी और सीसी क्रीम

अगर आपको बजट कम है तो ऐसे में आप बेस के लिए कंसीलर और फाउंडेशन की जगह बीबी और सीसी क्रीम का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसे आप अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदें और चेहरे पर



प्राइमर लगाने के बाद इसे अप्लाई करें। आप चाहें तो ब्यूटी ब्लेंडर की मदद से अच्छे पूरे फेस पर ब्लेंड कर सकती हैं। इसके बाद पाउडर से इसे सेट करें। कई लोग ब्लश लगाने के लिए पिंक कलर का ब्लश पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। आजकल यह कॉन्टोर के साथ भी आता है।

### कार्नर न्यूज

### स्विमिंग पूल में जाने से पहले अपनाएं टिप्स तो समस्या होगी कम

## भीषण गर्मी से बचने स्विमिंग पूल में घंटों रहना आपकी सेहत पर डालता है असर, टैनिंग और हेयरफॉल से ऐसे बचें

स्विमिंग करने के दौरान स्किन और हेयर की केयर करना जरूरी हैं ताकि टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या से बचा जा सकें। समर सीजन में अक्सर महिलाएं स्विमिंग करना या सीखना पसंद करती हैं लेकिन स्विमिंग के दौरान स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्विमिंग पूल में क्लोरीन केमिकल डाला जाता हैं और इस क्लोरीन केमिकल की वजह से कई बार हेयर फॉल की समस्या शुरू हो जाती तो वहीं स्विमिंग के दौरान त्वचा काली भी हो जाती हैं। इसी वजह से स्विमिंग करने के दौरन स्किन और बालों की केयर करना बहुत जरूरी है। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ टिप्स देने जा रहे हैं जो स्विमिंग के दौरान आप फॉलो कर सकती हैं। इन टिप्स को फॉलो करने से टैनिंग और हेयर फॉल की समस्या कम हो सकती हैं।




### सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

स्विमिंग के दौरान टैनिंग की समस्या पैदा हो सकती है। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप स्विमिंग करने से पहले सनस्क्रीन लगाएं। सनस्क्रीन लगाने से टैनिंग की समस्या नहीं होगी । सनस्क्रीन लगाने से जहां टैनिंग की समस्या नहीं होगी तो वहीं सनस्क्रीन लगाने से स्किन से जुड़ी समस्या भी कम होने के चांस हैं। वहीं सनस्क्रीन का इस्तेमाल आप स्विमिंग करने से 15 मिनट पहले करें।

### त्वचा को करें मॉइस्चराइजर

वहीं त्वचा की केयर करने के लिए आपमॉइस्चराइजर का इस्तेमालकर सकती हैं ताकि पूल के क्लोरीन पानी से त्वचा को नुकसान हो सकती है। मॉइस्चराइजर लगाने से स्किन के ड्राई होने की समस्या नहीं होगी। वहीं स्विमिंग करने के बाद भी स्किन को



मॉइस्चराइजर करें। लेकिन इस दौरान ध्यान रखने कि जो आपकी स्किन को टन के हिसाब से ही मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। वहीं ग्लिसरीन, तेल या पेट्रोलियम युक्त मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल किया जा सकता हैं।

### इस तरह करें बालों की देखभाल

पूल में जाने से पहले बालों को अच्छी तरह बांध लें। वहीं बालों को अच्छी तरह से ऑयललगा लें ताकि बालों को कोई नुकसान न हो। वहीं बालों को नुकसान से बचाने के लिए पूल से आने के बाद बालों को अच्छी तरह से धोएं। इसके लिए आप कंडीशनर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### इन बातों को भी रखें ख्याल

स्विमिंग करने से बाद अपने सूट को करें क्लीन, पूल में जाने से पहले सर पर पहन सकती हैं कैप, स्विमिंग करने से बाद और पहले नहाएं और स्विमिंग करने से बाद स्किन को मॉइस्चराइजर करें।